ॐ

ह्यंज़े वनवुन

हियमाल

पननि संस्कृति हंज़ अख ज़ान

लेखकः
पुष्करनाथ रैणा

ज़रकासय
(मुण्डन)

योनि त्रावुन

मेखला संस्कार



आलथ

ऊँ श्री गुरुवे नमः।

का'शरिस भट् खांदरस त् मेखलि संस्कारन प्यठ

ह्यंज़े वनवुन
हियमाल

पन्नि संस्कृति ह्न्ज़ अख ज़ान।

वुछतोस सन्यर, गन्यर त् नन्यर।

२४ पक्षाक ७२ शा'न्ज़्य, ब्रा'न्च़ रुस प्रोवुथ ब्रह्मय तीज़।
युस फल सन्यवारि त् कन्या दानस, सुय फल छु गूपियन वनवनस।
वीगिस चा'निस शुराह गरय मां'ज़ि मरेदि बर'यो।

600

लेखक-
पुष्करनाथ रैणा

With best compliments from:-

CARE POINT AUTOMOBILES
(MARUTI AUTHORISED SERVICE STATION)
AN ISO 9001 : 2000 CERTIFIED CO.
OPPOSITE B S F CAMP --- PALOURA
AKHNOOR ROAD, JAMMU-- 180002 (J&K)

Tele. Nos' 2501654 , 2503412. Mob.9419283151

प्रकाशक- पुष्कर नाथ रैणाः- एम. ए. बी. एड
(लारीयार, त्राल कश्मीर) 96/7B , मनोरमा विहार, पट्टा बोर्डी ,जम्मू-02
दूरभाषः- 0191-2502888, cell- 9469173422
मिलने का पताः-
96/7B , मनोरमा विहार, पट्टा बोर्डी ,जम्मू - 2 तथा
शारदा केंद्र वस्तु भंडार आनंद नगर बोडी जम्मू- सायंकाल ५ बजे।

मूल्यः १०० रु०
Subsidised Cost Rs 40/=
© सम्प्रति

दूरा संस्करण 2009
संख्या : 2000
मुद्रक : जंडियाल प्रिंटिंग प्रेस, महिन्दर नगर,
नहर रोड़, जम्मू दूरभाष : 0191— 2553140

ॐ तत सत

वनपोह भवम संतम भक्तानाम वरदायकम।

तपस्विनं जितंक्रोधम गोविंदम नौमि सद्गुरुम।। गोविंद अमरे'थ

वनपूह किस त'्सि महा संतस, भखत्यन हुंद युस वर दिन् वोल।
तस तपसियस ये'म्य क्रूध ज़्यून नय, सथ ग्वरस गूव्यंदस म्योन नमस्कार।

च़ेनवन

शाल् च़म व'जिथो सू़ह रूप् पानस, टुंग् त्राव ग्रज़ मा'दानस मंज़।
छुख क्या चू़ असली वुछ मंज़ ध्यानस, टुंग् त्राव ग्रज़ मा'दानस मंज़।
विशवास डो'लमुत टर छुख वनन्य, फरि छुख वनन गर् रुस्तुय।
अहम त्राव प्युल कर श्रीभट मानस, टुंग् त्राव ग्रज़ मा'दानस मंज़।
काहन काह वत् तति कुस बोज़े, यंद्रय च़'र दिया मंज़िलस वथ।
सीन् दि सिपरस तन दि कानस, टुंग् त्राव ग्रज़ मा'दानस मंज़।
शिव छुख त् शक्ति डखि छय पानस, अष्टादश भुजा शारिका रूप।
शारदा पीठस रव त्राव पानस, टुंग् त्राव ग्रज़ मा'दानस मंज़।
त्वहि बुय मदतस इक् वट् रूज़िव, यिय वो'न माजि शारिकाये मे।
कशीर र'छिव'न, नत् भय छुव् प्राणस, टुंग् त्राव ग्रज़ मा'दानस मंज़।
अत्गत च़लिय गथ कर कुनिरस, कार्पण्य दूश त्राव व्वठ लाय स'दरस।
च़् ति लोर पुष्कर गोविंद ज्ञानस, टुंग् त्राव ग्रज़ मा'दानस मंज़।

नमन तथा वंदना।

अपने स्वर्गीय माता पिता, गुरुजनों, कश्मीर के महान संतों, पंडितों (जो स्वयं पूर्ण हैं तथा स्वातंत्रिय जिनका स्वभाव है), विशेष कर ज्ञात तथा अज्ञात 'ह्यंज़े वनवुन' विशेषज्ञ माताओं को मेरा शतशत नमन;

तथा

कश्मीर से निष्कासन के कारण अपनी लडाई स्वयं लडते हुए, एवं वर्तमान असह्यय पीढा में सहनशक्ति प्रदान करने वाले शिवशक्ति (जिन का जेष्ठ अष्टमी, १९९६ ई० का दिय हुआ निर्देश 'च़ेनवन' के पदों में इंगित है) के चरण कमलों को बारंबार सहस्रों नमस्कार करता हूं।

यह कृति, अपनी स्वर्गीय माता हिय (राजरानी,गोत्र स्वामिन मुदगल्य, जिसका भरी जवानी मे निधन हुआ था),

तथा

विस्थापन में व्यथित **'वाय कशीर, हाय कशीर-स्व त्रेश'** पुकारते हुए प्राण त्यागने वालों के प्रति समर्पित है।

पुष्करनाथ रैणा
लारीयार, त्राल, कश्मीर मनोरमा,
पट्टा बोर्डी ,जम्मू -२



सर्वाशापरिपूरक चक्र

अनुक्रमणिका

विषय	संख्या
चेनवन	3
अनुक्रमनिका	5
काव बट्काव	7
दो शब्द	10
विवेचन	11
भूमिका	13
निवेदन, प्रस्तावना	17
इंद्र कलश	42
ग्वडन्युक खण्ड (प्रथम खण्ड)	
(क) लिवनस वनवुन शो'क्लम,-	43
जायि लछ़ज-	44
दपनस,	45
म्वंग् वरे'न	46
ज़्युन च़टनस,	47
गर्नावयि वनवुन-	47
मस·मूच़रावनस	48
क्रूलस-	49
क्रूल खारनस,वरि,	49
क्रूल खारनस, गछस-	50
(ख) मा'न्ज़ि रा'च्-	51
मां'ज़, लागनस वनवुन	54

विषय	संख्या
(घ) कोरि दिवगोनस	55
कलश पूज़ायि	57
शव भ्वकूच़ , सो'रिव तप्	57
तरंग् गंडनस, दिवतगूल्यन	60
दुर्यबतस-	61
न्यचिव कनि श्रानस-	62
पलव लागनस	63
दिवगोन लडके का-	63
(ग) दिवगोनस कोरि--छुरी-	65
दिवगोन हवनस-गूदान	65
कन्या दान-	68
कन्या संस्कार-	69
प्रपनस अनकनस-	70
दक्षणा त् आ'ही, दिवत् गूल्य वालुन	71
पितरों के लिए-	72
दोयिम खण्ड विवाह	
वां'ख पार्न्य	73
तरंग गंडनस	74
वरदनस	75
बरात यिन् सात् महाराज़स वनवुन	75
बतस वनवुन	81
व्यूग खांदरस प्यठ	83

विषय	संख्या	विषय	संख्या
दार पूज़ायि	84	विद्यारंभस आटीपन, श्रानपटस	107
लगन मंडपस, कोरि ल'गनस	88	योन्यस प्यठ	110
मंगल एवं मंदन माल	90	ब्यख्यायि आज़ि दर्शनस	113
यिाव ब्वकूच् शक्तिनाथ्	92	हुमस	115
कन्यादानस	93	वारिदानस,	119
नील वटस	94	पां'छ् शिव ब्वकच्	120
अथ्वासस प्यठ	95	साफस	130
दय बतस	96	व्यूग मेखलि विज़	131
पोशिपूज़ायि	96	अथिफो'ल	132
महारे'य सखरनस	98	दक्षना,	132
खलतस	99	आ'ही	132
पुत्र विवाह (विवाह संस्कारस)-	99	ल'गन् चीरि वनवुन	134
महाराज़् पा'रावनस	99	वीगिस नच़नुक्य वच़न	134
खलतस	99	टिप्पनी तथा संदर्भ	137
साफ् गंडनस	99	हिंदू साहित्य दर्शन तथा जीवन	152
गो'न्द ट्यो'क लागनस	99	शब्दार्थ	154
होवुर सखरनस	99	रो'व- ल्वति ल्वति पूर्य त्राव-	
ज़ा'म ब्रांद ह्यन् पत् खुशी हुंद्य बा'थ	99	Henzey Comentary english	159

त्रेयिम(तीसरा) खण्ड मेखलि वनवुन य'जमन बा'यय———— 135

हुमचि जायि लिवनस वनवुन।	101
अ'गन् कवंडस	101
तरंगस	102
नार्यवन खारनस	103
संस्कारन हूज़ वखनय	104
मस कासनस	105

अछर ज़ान-

अछर-देवनागरी। बूल्य-का'शुर। मात्रायि-देवनागरी फांट- (क्रुतिदेव ०२४, १०)
कुछ नए हिंदी शब्द—computer_ गणक key board_ गणक पटी com.
CDगणक चक्री, computerize गणकीकरन आदि।

अर्धविराम(') निशान कुनि ति जायि लगावन् सूत्य छि छो़'ट आवाज़ बनन।

अ =(')= च़'र =चिडिया । ग'र = घडी । छ़'र= खाली ।
आ'=दा'र= दाढी , का'र =गर्दन । हा'र = मैना अ् = (्)= च़्
=आप। ब् = बु = मैं । ख्र= फिसलना, कांग्र=कांगडी।
अ्् =(््) त्र= सर्दी। स्ति =साथ । क्र्य = कितने ।
ए' = े' = च़े'=आपको। मे , मे' ,मे'ह, म्यह=मुझे।, तथा च़्यह, म्य भी यथा स्थति प्रयोग होसकता है। स'ने'र,सन्यर =गहराई ओ' = ो' = छो़'ट = छोटा। मो'ट= मोटा। छो'न्य = कम।
व्व = व्वपकार । छ़'वप्। बुद्धि-ब्वद्ध, सुंदर-स्वंदर, उत्तम-व्वतम।

कथ--काव भट् कावो=

'कावबट् कावो ख्यच़रे कावो, गंगय ब़लय श्राना क'रिथ, गुरे म्यचे ट्यो'काह क'रिथ, वल्बा साने नवे लरे, कनधरे बेह, वरि बता खेह'।

बसंतकावस कुन (काक भुशुण्डि जी से निवेदन)-श्रीराम त् लक्ष्मणजी ये'लि इंद्रजितन नागपाशस मंज़ बंद क'र्य त् म्वकला'व्य गरुड जियन। अ'तिय गय गरुडजियस मनस शंका। यि शंका दूर करन् बापथ वोत आ'ख्र शिवजियस निश। त'्मि सूज़ भुषुण्डि जियस निश त् वो'ननसः-

'उत्तर दिसि सुंदर गिरिनीला, तहं रह काक भुशुण्डि सुसीला'। राम च० मा०,उत्तरकाण्ड, ६१।अ'तिय गव गरुड जियस पननि शंकायि हुंद समाधान। वनन् छु यिवन ज़ि अ'हरबल आबशार प्यठ् कौंसर नाग सर किस दामनस तान्य छि लगबग १५किलोमीटर वथ पक्न्य। वति छु यिवन टुसु गाम ति। अ'थ्य सूत्य छि वारयाह थ'ज़ बाल् तंदल य'स् आकाशस तान्य बासन छिह तू अ'थ्य अ'द्य प'ख्य अलाकस छि वनन काव भट। यिहय जाय आसि नील पर्वत। वनन् छु यिवन ज़ि अति छि वुनि ति काकभुषुण्डि जियनि कथ् तू काव काव शब्द कनन गछ़न, ति क्याज़ि, सु छु च़िरिज़ीव तू छुह काव रूपस मंजूय अ'थ्य वनस मंज़ कावन मंज़ रूज़िथ। अति बसन वाल्यन लूकन तू सारिनूय का'श्रे'न आ'स अथ कथि प्यठ श्रद्धा तू यिन वोल व'री अन धन् र'ग्य फ्रूस नेरन् खा'त्रह आ'सिस अस्तुति करन। तवय छि काव् पुनिम दोह सा'रिय का'शिर्य भट् काव पतलिस (तीरचि शकलि) प्यठ श्रूच़ त'ह'र थविथ बसंतकावस अर्थात् काकभुषुण्डि जियस नाद लायन। (कश्मीर में काकभुषुण्डि तथा गरुड के बीच वार्ता के उपलक्ष्य में माघ शुक्लपक्ष पूर्णिमा को लोग प्रातः काकभुषंडी जी के लिए पीले चावल रखते हैं। अत्यंत श्रद्धा के साथ उन्हें इसके लिए आवाहन किया जाता है)।

का'शुर प्रछ़-दाज ल्वंगुन-व्यवहार में पद इस प्रकार हैः- ओ'कुस बो'कुस तिलवान च़ो'कुस, ओनुम बतुख लो'दुम देगि, शाल कूच कूच वांगनो, ब्रिमिज डारस पोन्या छो'कुम, ब्रिमिज ब्यने ट्यकिस ट्यो'का, रहमान आया, गुरा प्याया, गुर्य खेयि बंग् ल्वबर चंगह, तेरे मेरे जाओ। अर्थः-१ वह कौन है, और मैं कौन हूं ? जीवात्मा को शरीर में डालकर बोलने लगा,व्यर्थ बोलने लगा और अशुद्ध हो गया। यह पुरुष और प्रकृति में अब रहमान अर्थात म्लेछ आया और मादीयत की दुनिया की मोज में खोकर ल्वबुर या गोबर होगया तो अब खो जाओ। अज्ञात।

हु कुस तु़ ब् कुस त्यलि वन च़् कुस। मूह् ब् तु़ अख **लो'दुम वेगि। शाह क'च़ क'च़ वा गणो। भ्रमाच़ारस पवन छो़'कुम, बह्मच ब्यने ति कस तु़ ति क्याह?** अर्थः-१ वह कौन है, और मैं कौन हूं ? तू या तीसरा कौन है? अर्थात संसार में दो का ही झगडा है तीसरे की कोई जगह नहीं। मूह वश मैं ने अपने आप तथा उस को दो मान कर व्यवहार में लाया। उसके सांस गिनकर रखे गए हैं, भ्रम में ही सारा पवन(सांस) समाप्त हो जाता है। ब्रह्म से उत्पन्न हुई बहन! बताओ यह पहेली किसको कही गई है और क्या कहा गया है। अर्थात परमात्मा ही एक से अनेक होकर सर्वत्र है। दो तीन का कोई झगडा ही नहीं। सारा द्वैत भ्रम के कारण या आत्म विस्मृति से ही है। लेखक।

हिक्रूट तथा प्रश्नोत्तरी-ज़ून मा'ज ज़ूने अंगन अंगन च़्वयता'जी-----आदि। **ज़ान मा'ज ज़ान, अंगन अंगन च़्यथ तु़ ज़ीव**-हर अंग में चित्त तथा जीवात्मा ओतप्रोत है। **तिम कस कने?** वे किस के पक्षमें हैं? **राय यस गने।** जिसकी भावना तथा विचार शक्ति सुदृढ हो। **रा'य क्या द्युतनय?** भावना ने क्या दिया? **खसवुन गुर तु़ वसवुन्य नाव।** श्वासोश्वास का ध्यान अर्थात सोहमसो। **त'थ्य क्यथ गयस ब तूनिस कुनुय,** इसी को लेकर नाभि में पहुंची। **त'तिय मीजिम छ़'वटर म्वटर मामन्या,** वहां मुझे कुंडिलिणि का साक्षातकार हुआ। **तमि दिच़्म ग्यव टूरेहना,** कुंडिलिणी ने मुझे अमृत दिया। **ग्यव टूर्य ल'ज़्म जजीरे,** अमृत को जजीर अर्थात उदर में समेटा। **जजर ल'जिम नच़ने,** जिस से जजीर नाचने लगी अर्थात मुझ पर मस्ती छा गई। इस पर **हारि लजि असने** और स्त्रियां अर्थात कथरे'नि मुझ पर हंसने लगीं । **गां'ट् लजि नच़ने, हक छी छी, हक छी छी।** और मुरदार खाने वाले अर्थात अज्ञानी मेरे गिर्द घूमकर सताने लगे। छी छी ऐसों पर।

अथ़ूचन **ओं'गजन हुंद नावः**-१.ओं'गुल (तर्जनी)। २.ज़ों'गुल (मद्यमा)। ३.काठ (अनामिका)। ४.किस (कनिष्ट)। ५. न्यठ (अंगूठा)। म्वठ (मुट्ठी)।

दो शब्द

'ह्यज़े वनवुन' की टीका, समीक्षा करने अनुसंधानमक मौलिक कार्य करने में मेरा यह प्रयत्न केवल इसलिए है कि:

१.कश्मीरी पंडित को उनकी वास्तविक ऊँचाई तथा २४ संस्कारों तथा 'ह्यज़े वनवुन' की गहराई से अवगत कराके इसके प्रति रुचि बढाकर इस के मूल तक जाने की प्रेरणा दी जाए। इस में मेरा कोई आर्थिक लक्ष्य नहीं है। २.यह सत्य ज़ोर देकर बताना कि अपनी मान्यताओं को मानना परंतु जानबूझ कर उन का उल्लंघन करना भयंकर दुष्कर्म तथा पाप है। क्योंकि बीच वाली कोई राह नहीं है तथा यह जान लें कि 'deviation is destruction' ३. संसार में उच्च कोटि की संस्कृति वाले कश्मीरी पंडितों में गिरते हुए मूल्यों का उत्थान ही मेरी चिंता का विषय है। जनता को अपनी कमियों से अवगत कराना। जैसे: **बरात का समय पर न पहुंचना**, तथा **स्वागत के लिए महिलाओं को वनवुन का ज्ञान न होना, ४. पोशपूज़ा के फूलों** को पैरों तले रोंदना, ५. **शिवशक्ति रूप** बने दंपत्ति को प्याज़ वाला तथा **अशुद्ध वुरबत् खिलाना**,६.**मेखला तथा दूसरे संस्कार समय पर न करना** आदि,

७. कानों में (ज्ञान रूपी) शंख फूंककर जगाने का प्रयास करना कि अपने को जान बूझ कर भूल जाना ही अपने समाज की क्षति पहुंचाना है। वैसे ही जैसे एक शेरनी का बच्चा जन्मते समय भेडों के बीच रहकर भेडों की तरह 'में में' करने लगा। और अपने को भूल बैठा। संस्कार रूपी शेरों से जब इसकी भेंट हुई तो अपनी महानता को जानकर दहाडने लगा। तब जाकर उस से सब डर खाने लगे। यही मौलिक प्रयास रामसेतु के निमित गलहरी का छोटा पत्थर ही समझें। इस कारण से अति दृढ होकर अपने(वैज्ञानिक पृष्ठभूमि रखने वाले)संस्कारों का दृढता से अनुसरण करें। आप भी पुस्तक को पढ कर दूसरों को भी ऐसा करने की प्रेरणा देकर अपना तथा अपने समाज का कल्याण कर ज्ञान की वृद्धि करेंगे । तथा अस्तु।।

पुष्करनाथ रैणा

लारीयार त्राल, बोडी जम्मू-२

विवेचन

कुछ समय पूर्व श्री पुष्करनाथ रैणा जी ने उन के द्वारा लिखित पुस्तक '**ह्यंजे वनवुन** Ig; e ky* मेरे विचार्थ मुझे भेंट की। इसे पढकर यह कह सकता हूं कि इस विषय पर पूर्ण रूप से यह पहला प्रयास है जो पूर्ण भी है और बेजोड भी।

ह्यंजे शब्द का उदगम मूलतः संस्कृत भाषा का कश्मीरी रूप है। संस्कृत नाट्य शास्त्र में यह शब्द हंज़े के रूप में पदे पदे मिलता है। **ह्यंजे वनवन** विशेषज्ञ का पद प्राप्त होने का सौभाग्य किसी सरस्वती पुत्री को ही हो सकता है। मेरी एक बहिन जो इस विशेषज्ञ पद को प्राप्त कर चुकी हैं। मैंने ह्यंजे वनवुन की प्रस्तुत पुस्तक की रिचाओं को उन से प्रमाणित कराया। उनका कहना है कि ''अवश्य ही श्री पुष्करनाथ जी ने किसी परिपूर्ण 'वनवन ग'र' से सहायता ली है। अन्यथा इस पुस्तक का लिखना संभव नहीं होता। यद्यपि वनवन की अनेक पुस्तकें मेरी दृष्टि में आई हैं वे शुद्ध होने पर भी अपूर्ण ही हैं। किंतु **ह्यंजेवनवुन हियमाल** को सम्पूर्ण कहा जा सकता है और एसी पुस्तक लिखने में रैणा जी को वर्षों की श्रम साधना करनी पडी होगी''।

यह कार्य पूर्ण करने पर मै हृदय से अपने मित्र श्री पुष्करनाथ जी को साधुवाद देता हूं।

लेखक ने अंत में **ह्यंजे** शब्दों का अर्थ तथा टिप्पणि देकर कश्मीरी हिंदुओं में २४ संस्कारों को गिनाया है किंतु मनोस्मृति में केवल सौलह ही है। मनु-२: २७-६५। कुछ संस्कार केवल रीति रिवाज ही हैं किंतु इन में गर्भादान संस्कार को काफी महत्व दिया गया है। इस के भिन्न आयामों को यथार्थ रूप में लिया गया है जैसे मनु-३: ४६.४७। दस रात्रियों में संभोग अनुचित दिखाया है।' युग स्वभावः स्त्रीणां रात्रयः षोडशः स्मृतः। **चतुर्भिरतरः** साद्यं अहोभिः सद्विगर्हितैः।। तासामधिभूचतस्त्रस्तु निन्दितैकादशी च यःत्रियोदशी च शेषास्तु प्रशस्तः दश रात्रयः। युग्मासु पुत्राः जायन्ते स्त्रियोऽयुग्मासु रात्रिषुः। तस्मात्युग्मासु पुत्रार्थी सो वशेदार्तयो स्त्रियः। शास्त्र की इन बातों पर चलकर क्रित्रिम उपचार तथा ब्रूण हत्या से छुटकारा मिल सकता है। अंत में मै पुनः श्री पुष्करनाथ रैणा का अपने समाज

की ओर से यह झटिल कार्य पूर्णता को पहुंचाने पर धन्यवाद देता हूं। और अपनी पठित महिलावर्ग से विनम्र प्रार्थना करता हूं कि वे इस पुस्तक का यथावश्यक उपयोग करें और अपनी शुद्ध परंपरा और संस्कृति का सुरखित रखने में अपना योगदान देकर सामाजिक ऋण से मुक्त हो जायें।

आश्वन शुक्ल चतुर्दशी, ३-१०-०६

त्रिलोकीनाथ पंडित वानप्रस्थी,

अध्यक्ष संजीवनी शारदा केंद्र, आनंद नगर बोडी, जम्मू।

आभार

महिला समाज के समाजिक दरोहर **'ब्यंज़े वनवुन हियमाल'** को समाज तक पहुंचाने का अनुरोध करने वाले तथा इस महान कार्य में मानसिक प्रोहत्साहन तथा आर्थिक योगदान एवं साहित्यक जानकारी देने वालों का मैं अंतःकरण से आभारी हूं। जिन की सहायता तथा आशीर्वाद के बिना इस अमूल्य दरोहर का कम दामों पर समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों को उपलब्ध कराना संभव नहीं था।

इन में श्री **'बादशाह कलंदर आश्रम, ट्रस्ट'** पंडोका **कालौनी पलोरा, जम्मु**, श्री ओमकार नाथ वातल फोहर अनंतनाग, श्री जानकी नाथ विर्क्यमू आदि प्रमुख हैं।

दूसरे संस्करण की विशेषताएंः-

१-मोटे अक्षर। २-नए शब्दों का अर्थ।

३-अध्यात्मिक पहेली ४-अंग्रेज़ी भाषा में वनवुन का सार। ५-चित्र इंद्रकलश। ६-पृष्ठों की संख्या पहले से अधिक।

भूमिका

' ह्वज़े वनवुन ; हियमाल '

वनवुन शब्द का शाब्दिक अर्थ है- शुभ वेला पर किसी विशेष संस्कार कर्मको सम्पन्न करते समय हर्षोल्लास के साथ ईश्वरीय शक्तियों का गुणगान अथवा देवी देवताओं के प्रशंसापूर्ण उल्लेख के साथ भीतरी आनंद को मुखर करते हुए स्त्रियों का समवेत गायन। इस परिभाषा के भीतर कई महत्त्व पूर्ण तत्त्वों को एक साथ समेटने का प्रयास किया गया है।

१. 'वनवुन' महिलाओं का समवेत गायन है।

२. 'वनवुन' पारिवारिक जीवन में आनंद और हर्षोल्लास को द्विगणित करता है।

३.'वनवुन' शुभ और मंगल का सूचक है।४.'वनवुन' ईश्वरीय शक्तियों का गुणगान है।

५.'वनवुन' किसी विशेष समाज की भव्य ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परम्परा की पुनःस्मृति कराता है।

६.'वनवुन' हमारे धार्मिक और सामाजिक उत्सव को महिमा मंडित कर देता है।

७.'वनवुन' में लोक भाषा, लोक कविता एवं लोक संगीत का अदभुत मिश्रण रहता है।

८.'वनवुन' किसी समाज को अपनी सांस्कृतिक परम्परा के साथ जोड देता है।

९'वनवुन' नव पीडी के स्वर्णिम भविष्य की मंगलमय कामना सहित 'शुभस्य शीघ्रं' की पूर्व सूचना है।

'वनवुन' वस्तुतः महिलाओं का गायन है। इसमें किसी भी वाद्ययंत्र का प्रयोग नहीं किया जाता है। 'वनवुन' कश्मीरी लोक़ मानस का प्रतिबिंब है, लोक कविता (शायरी) का एक अंग है। 'वनवुन' को कोई विशेष रचयता नहीं होता है अपितु लोक मानस समय बदलने के साथ साथ आवश्यकता और रुचि अनुसार इन गीतों में परिवर्तन कर देता है अथवा और पद या छंद जोड़ कर श्रीवृद्धि करता है। यहां कोई कवि या लेखक प्रमुख नहीं रहता अपितु जन मानस सृजन हेतु सक्रिय रहता है। अतः स्पष्ट है कि 'वनवुन' का कोई विशेष लेखक नहीं होता है। जात कर्म, नाम कर्म, चूडा करण, यज्ञोपवीत, विवाह आदि संस्कारों से नई पीढी को सम्पन्न करते समय घंटों घर में 'वनवुन' गायन चलता रहता है। प्रत्येक धार्मिक-सामाजिक संस्कार या सांस्कशतिक अनुष्ठान के अपने विशेष 'वनवुन' गीत हैं। 'वनवुन' गाते समय एक जानकार महिला गायन मंडली का नेतृत्व करती है। उसे नेत्री कहते

- *पुष्करनाथ रैणा*

हैं। कश्मीरी में इसे 'वनवुन वाजे'ञ कहते है और यह महिला पेशेवर-व्यवसायी professional भी होती है अथवा परिवार से जुडी कोई अनुभवी संबंधिन्। कश्मीरी पंडितों के 'वनवुन' की एक विशेष लय,राग, धुन tune होती है जो शास्त्रीय संगीत के बहुत निकट है। प्रत्येक पद या छंद को विस्तार के साथ धीमी चाल में मानो संगीत की लहरियों पर सवार करके प्रस्तुत किया जाता है। युवा महिलायें धीरे धीरे इस कला को सीखती हैं। निस्संदेह 'वनवुन' गायन अपने आप में एक कला है और निरंतर अभ्यास से ही कोई महिला इस में दक्षता प्राप्त कर सकती है।

कश्मीरी मुस्लिम समाज में 'वनवुन' का अपना भिन्न स्वरूप है और इस्लामी संस्कति के रंग में रंगा हुआ है। इस 'वनवुन' का भी अपना सौंदर्य है। मधुर गायन है जो वातावर्ण में गूंज उठता है। लेकिन उसकी सांस्कृतिक पष्ठभूमि उतनी प्राचीन नहीं है जितनी कश्मीरी पंडितों के 'वनवुन' की है।

'वनवुन' के साथ वननावुन शब्द विकसित हुआ है। 'वनूनावुन' अर्थात महिलाओं के द्वारा 'वनवुन' के महातम्य का संदेश हर उपस्थित व्यक्ति के कानों तक पहुंचाना। परिवार के यश और बडप्पन का गुणगान करना। भीतरी हर्षोल्लास को बाह्य अभिव्यक्ति प्रदान करना। इसी प्रकार एक और शब्द है - 'वनवुन हुर' अर्थात 'वनवुन' गायन का एक छंद या बंद या दो पंक्तियां या मिस्रा। हुर कश्मीरी भाषा का अपना मूल शब्द है। इस शब्द के कई अर्थ हैं और उन में एक अर्थ है 'हुर त्रावुन' या 'हुर वनुन' या 'वनवुन हुर त्रावुन' या 'हुर वननावुन' इस शब्द के विभिन्न रूप है। इस शब्द को संस्कृत के किसी मूल शब्द के साथ ज़बरदस्ती जोडना व्यर्थ है। दो और शब्दों की चर्चा करना तर्कसंगत होगा। ये शब्द हैं- 'वनवन वाजे'ञ' तथा 'वनवन वाजनि'। प्रथम शब्द नेत्री तथा दूसरा शब्द नेत्री का साथ देकर गाने वाली महिलाएं। वह धनराशि, वस्त्र इत्यादि, जो उस परिवार की ओर से नेत्री को भेंट स्वरूप दी जाती हैं उसे 'वनवन द्यार' कहते हैं। इस महिला विशेष को वनवन ग'र भी कहते हैं। वे समस्त महिलाऐं जो बैठकर वनवुन गाती है उन्हें ' वनवन काकनि' कहते हैं। उनमें से किसी एक को 'वनवन ग्राकून्य' कहते हैं। स्पष्ट है कि 'वनवुन' हमारे पारिवारिक जीवन के साथ जुडा है और हर्षोल्लास तथा प्रसन्नता के साथ वृद्धि और सिद्धि का भो द्योतक है।

मैं एक और महत्त्वपूर्ण बात की ओर पाठकों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। यह हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि धीरे धीरे कश्मीर पंडित परिवारों से 'वनवुन' निकल रहा

है। यह हम से छूट रहा है। हाय और वाय कल्चर ने हमें हर तरह से लूट लिया है। हमारी सांस्कृतिक विभूति को हमसे छीन लिया है। एक ज़माना था कि बारात घर में आते समय स्वागत हेतु स्त्रियां सैंकडों की संख्या में खडे होकर 'वनवुन' गाती थीं। और आज उसी अवसर पर युवा स्त्रियां यूरेपियन डांस, फिलमी नाच तथा अशलील नृत्य में मग्न रहती हैं। यह मूलतः सांस्कृतिक ह्रास का परिणाम है, विनाश का सूचक है। जो हमारे पास श्रेष्ठ और मूल्यवान था वह हमसे छिन्न चुका है। धीरे धीरे हम अपनी परम्परा से अनभिज्ञ हो रहे हैं। विस्थापन के बाद कश्मीरी 'वनवुन' के कई संग्रह प्रकाशित हुए हैं। जिन में श्री सोमनाथ 'वीर' कृत 'का'शुर शास्त्री वनवुन' श्रीमती कमलावती द्वारा रचित 'लोल वखनय' एवं श्रीमती लक्षमीश्वरी कांद्रू द्वारा लिखित 'ह्यंज़े वनवुन' उल्लेखनीय हैं। लेकिन इन्हों ने केवल संग्रह कार्य ही किया है। व्याख्या विश्लेषण, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि या सांस्कृतिक स्रोत- को ढूंढने का, प्रस्तुत करने का इन्होंने प्रयास नहीं किया है। सम्भवतः ऐसा करना संग्रह ग्रंथ-कर्ता तैयार करने के लिये आवश्यक नहीं था। दूसरी बात यह है कि किसी भी शोधार्थी नो आज तक इस विषय पर विस्तार से लिखने का प्रयास नहीं किया है। संस्कारों पर कई पुस्तकें सन् १९९० ई० के बाद प्रकाशित हो चुकी हैं जिन में श्री मोहन लाल'आश' ज्योतिषी ओमकार नाथ शास्त्री एवं सोमनाथ पण्डित की रचनाएं चर्चित रही हैं।

श्री पुष्करनाथ रैणा का यह प्रयास स्तुत्य है। आरंभ में विस्तृत भूमिका प्रस्तुत करते हुए उन्हों ने वस्तुतः अपने सांस्कृतिक बोध का परिचय दिया है।

यहां यह बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि ह्यंज़े कश्मीरी पण्डितों के वनवुन प्रथम

ध्वनिमय उद्‌बोधनात्मक अभिव्यक्ति है। ' ह्यंज़े ' का शाब्दिक अर्थ है हांजी, अरी ओ, ओ सखी, अरी, पुकारने में प्रयुक्त हे, ऐं या अरे। ध्यानाकर्षण के हेतु इस शब्द का प्रयोग कश्मीरी 'वनवुन' बंदों (पदों) में सर्व प्रथम किया जाता है। 'आप तनिक मेरा साथ दीजिये ' या ' मेरी ओर ध्यान दीजिये' -यही तो इस संबोधन सूचक शब्द का अभिप्राय है।

लेखक ने 'ह्यंज़े वनवुन की महिमा' 'ह्यंज़े वनवुन क्यों ?''वननावुन क्या है?' , कश्मीरी पंडितों के विवाह वनवन गीत तथा अन्य महत्त्वपूर्ण बातों पर विचार करके एक विशेष क्रम में ' ह्यंज़े वनवुन' गीतों का संग्रह प्रस्तुत किया है।

संगृहीत वनवुन गीतों के अंत में लेखक ने पुनः कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला

है। जिन में 'व्यूग' 'टे्कि पूच़' 'जातकर्म या काहनेथ्रूर' तथा अन्य अनेक विषयों पर विचार किया गया है।

वनवुन गीतों में प्रयुक्त विशिष्ट शब्दावली या पारिभाषिक शब्दों को अर्थ सहित एक क्रम में प्रस्तुत किया गया है। वनवुन गीतों के भावार्थ को समझाने में विशिष्ट पारिभाषिक शब्दों के अर्थ की जानकारी प्रस्तुत कर लेखक ने गीतों को सर्वग्राह्य बनाने का कार्य किया है और यह प्रशंसनीय भी है। कहीं कहीं उनके साथ मतभेद भी हो सकता है लेकिन कुल मिला कर उनकी यह कौशिश प्रशंसनीय है।

मैं इस तथ्य की ओर पाठक वर्ग का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि लेखक ने दवनागरी लिपि में कश्मीरी भाषा लिखने के लिये सर्वस्वीकृत मानक लिपि का प्रयोग नहीं किया है। दुर्भाग्य यह है कि जम्मू में एक दो व्यक्तियों के पास ही उनके कम्प्यूटरों में मानक लिपि का फॉंट सुरक्षित है और वे बन्धु शुद्ध कश्मीरी लिपि टंकन के हेतु दुगना, तिगना, चौगुना दर वसूल कर रहे हैं और ऐसे महापुरुष साधारण लोगों की पहुंच के बाहर हैं।

श्री पुष्कर नाथ रैणा एक अनुभवी लेखक और रचनाकार हैं। प्रायः इनकी रचनाएं अंग्रेज़ी भाषा में समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही हैं।

सन २००६ ई० में इन की एक महत्त्वपूर्ण पुस्तक ' परम संत परम दयाल- स्वामी गोविंद कौल' शीर्षक से प्रकाशित हुई है। इस रचना में लेखक ने स्वामी गोविन्द कौल के व्यंक्तित्व, कृतित्व, चिंतन, विचार पद्धति, योगसाधना एवं जीवन उपलब्धियों पर विस्तार से लिखा है। भक्तिपरक श्रद्धामय अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत पुस्तक पर्याप्त चर्चित है।

' ह्वांज़े वनवुन- हियमाल' पुस्तक का समाज में अवश्य स्वागत होगा, जन मानस के लिये यह श्रेयस्कर सिद्ध होगी और इस प्रकार एक कर्मयोगी लेखक अपने उद्देश्य में सफल होगा- ऐसा मेरा विश्वास है।

मैं आलोचक बन्धुओं की प्रतिक्रिया को जानने के हेतु भी प्रतीक्षारत रहूंगा।

३ अक्तूबर, २००७ ई०

प्रोफेसर (डॉ) भूषण लाल कौल
भूतपूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग ,
कश्मीर विश्वविद्यालय-श्रीनगर, कश्मीर।

निवेदन-

अ'्सि दीविथि छि सामवीद परान, तो'ह्य ब्राह्मण कोन् शां'च़ परान-प्रहरी।
अ'स्य दीविथि छि सामवीद परान, तो'ह्य ब्राह्मण कोन् शां'च़ परान- प्रहरी।
संध्योपासन तय श्रानूव्यद प'रिज़े, गरि गरि क'रिज़े प्राणायाम-निर्देश।
वीगिस चा'निस शुराह गरय, मा'न्ज़े मरेंदि बर'यो। सर्वाशापरिपूरक श्रीचक्र।
दछ प्रजापतने तस ब्रुब्रारे, हारे छु कन्या संस्कार । कन्या, शक्ति रूपा।
हेरि छय स्यंदूर तय ह्यर दा'न्तावू्य, हेरि छु खसान दीवादि दीव-दुल्हा शिवरूप।
युस फल सनिवारि तू् कन्या दानस, सुय फल छु गूपियन वनवनस-पुण्यार्जन।

ह्यंज़े की महिमाः-उपरोक्त पदों को पढने से प्रत्यक्ष प्रमाण मिलता है कि कश्मीरी पंडितों में संपन्न होने वाले संस्कारों के समय महिलाओं द्वारा ह्यंज़े वनवुन गाया जाता रहा है इस गायन को महिलाएं सामवेद के समांतर मानकर चलती हैं। इस प्रकार के गायन में शिव शक्ति तथा दूसरे कारणों का ही गुणगान तथा स्तुति है। इस में पार्वती रूपी कन्या अर्थात महारे'ञ का, शिव रूपी महाराज़ अर्थात दुल्हे के मिलन या संयोग का बखान है, तथा मेखलि महाराज़ के लिए निर्देश भी है। कश्मीरी पंडितों में ह्यंज़े वनवुन वेदिक काल से ही चला आ रहा है। भाषा बदलने से इस का क्रम नहीं बदला। चाहे मेख़ला संस्कार हो अथवा विवाह संस्कार दोनों के बारे में एक़ विशेष पद्धति अपनाई जाती रही है जो संस्कार के आरंभ से अंत तक एक विशेष क्रम में तारतम्य के साथ चलती है। इसलिए इस महत्त्वपूर्ण ह्यंज़े वनवुन को सामान्य कश्मीरी लोक गीत की संज्ञा देना इसकी महत्ता को कम करने के बराबर है।

ह्यंज़े वनवुन का लिखित रूपः-ह्यंज़े वनवुन वास्तव में कर्मकांड का ही अनुसरण करना सिखाता है। इसी बात को ध्यान में रखकर जन साधारण में ह्यंज़े वनवुन की महत्ता तथा वास्तविकता को दर्शाने के लिए प्रस्तुत पुस्तक लिखने का प्रयास किया गया है। सामान्य लोक गीतों से पृथक होने के कारण इस पद्धति को यहां **'ह्यंज़े वनवुन'** का ही नाम दिया गया है। यह वनवुन पहले से ही मौखिक रूप से चला आ रहा है। बाद में ह्यंज़े वनवुन के साथ कुछ नए वच़न(पद) तथा शिवभक्तिस्तोत्र (शिवभ्वकच़) भी सम्मिलित किये गये हैं।

१६वीं शताब्दि के अंत तक कहीं भी ह्वंज़े वनवुन का मुद्रित रूप उपलब्ध नहीं हो सका है।

ह्वंज़े वनवुन का धार्मिक पक्ष होने के कारण ही इसे पीढी दर पीढी अबाध गति से मौखिक रूप में महिलाओं द्वारा शुद्ध रूप में जीवित रखा गया है चाहे कई शब्दों का अर्थ उन्हें ज्ञात न हो। किसी भी शब्द या पद का लोप करना भयंकर पाप माना जाता था। वैदिक भाषा का जो वर्तमान कश्मीरी रूप है वह ह्वंज़े वनवुन परंपरा में बाधक नहीं बना।

पुरुषों ने कभी भी ह्वंज़े वनवुन की ओर कोई रुचि नहीं दिखाई है। इस कारण इसके बारे में कहीं कोई समीक्षा या टिप्पणी नहीं मिलती है। महिलावर्ग पर पुरुष वर्ग का दबाव तथा इनकी अवहेलना इस का कारण हो सकता लगता है। लेखक ने नारी जाति का ह्वंज़े वनवुन की समीक्षा करके उनका प्रतिनिधत्व करने का प्रयास किया है।

ह्वंज़े वनवुन का एक ही स्रोतः-सारे कश्मीर में ह्वंज़े वनवुन एक ही प्रकार का मिलता है। चाहे बूछू त्राल निवासी ह्वंज़े वनवुन विशेषज्ञ गुरुमुख महिला मेरी मामी जी, स्वर्गीय **श्रीमती तारावती भट्ट** हो जिसने ह्वंज़े वनवुन अपनी दादी से सीखा था या अनंतनाग निवासी श्रीमती **जानकीजी थपलू** हो, अथवा कमराज़ की माता जानकी जी हो या श्रीनगर निवासी श्रीमती **वेशिमाली** या माता श्रीमती **राधा देवी** तथा श्रीमती **तारादेवी** हों अथवा अन्य विशेषज्ञ हों, सब ने एक ही प्रकार के पद एक ही तारतम्य के साथ, तथा ह्वंज़े वनवुन के पदों की एक ही प्रकार की शब्दावली का प्रयोग किया (स्थानीय प्रभाव को छोडकर) है। मेरे जनेऊ संस्कार से लेकर मेरे बच्चों के जनेऊ संस्कार तक तथा अन्य कार्यक्रमों में मामी जी का ह्वंज़े वनवुन मैं ने ध्यान से सुना है उनको हज़ारों पद कंठस्थ थे। इस कारण मेरे मन में इस की ओर अभिरुचि बढ गई। इससे मेरे मन में ह्वंज़े वनवुन का एक रेखाचित्र सा खिंच गया था। दूसरी महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले ह्वंज़े वनवुन को भी मैं ने ध्यान से सुना है जो अन्य गुरुमुख महिलाओं द्वारा गाये गये पदों के साथ शतप्रतिशत मिलता है तथा एक ही प्रकार का पाया गया है। इस से सिद्ध होता है कि सारे कश्मीर में ह्वंज़े वनवुन का स्रोत तथा मूल रूप वास्तव में एक ही रहा है जो हज़ारों वर्षों से पीढी दर पीढी मौखिक

रूप में ही हम तक आ चुका है। समय समय पर इस वनवुन में नए रोचक पद भी शामिल हुए हैं।

अनेक बार असाधारण परस्थितियों का सामना करते हुए भी कश्मीरी पंडित महिला वर्ग ने इस पुरातन धरोहर को अपने हृदय में संजोये रखा है। अभी भी कुछ वरिष्ठ पंडित माताएं इस धरोहर को संजोये हुए हैं तथा स्वजनों से इसे लिखकर छपवाने का अनुरोध करती रहीं हैं। इसी कारण कई ह्यंज़े वनवुन पुस्तके बाज़ार में छप कर आ चुकी हैं। पहली पुस्तक छप कर कब जनता के सामने आई थी, ज्ञात नहीं हो सका। यही प्रयास हमारे स्वस्थ समाज की परंपरा को दर्शाता है। छपी हुई कई ह्यंज़े वनवुन पुस्तकों में एक विचित्र बात यह देखी गई है कि इन में किसी प्रकार की कोई टिप्पणी नहीं दी गई है और कुछ वैदिक या अपभ्रंश शब्दों का अर्थ ज्ञात न होने के कारण छोड दिया गया है। जैस दिवगोन मेंः-

आघासीमांत करुन ह्यो'तये, नाराण ह्योतये आशेनय। **या**

सद्भूदर होम कर च़ांगि धूप व्यो'तये, सोम गव सिर्यस सूतिय ह्यथ।

लक्षमी निनूर्दन करुन ह्यो'तये, नाराण ह्योतये आशेनय। आदि

विलुप्त शब्दार्थः-1989 ई० में समस्त कश्मीरी हिंदू समाज को भारतीय सरकार के देखते देखते कश्मीर से मार भगा कर निकालने के पश्चात् लोगों में ह्यंज़े की ओर रुचि कम हो गई है। इस कारण प्रस्तुत पुस्तक **'ह्यंज़े वनवुन'** के मूलभूत एवं आधारभूत सिद्धांतों, नियमों या प्रक्रिया को जानने तथा जनसाधारण की वर्तमान बोली से लोप हुए शब्दों का अर्थ ढूंढने का प्रयत्न किया गया है ताकि तारतम्य शुद्ध क्रम के साथ चलता रहे।

'ह्यंज़े वनवुन' की **विशेष गायन विधि** का कारण भी दर्शाया गया है। इस पुस्तक में ह्यंज़े तथा वनवुन का अर्थ, कुछ यूग प्रूग, **हिंदुओ की जीवन पद्धति,** धार्मिक ग्रंथ तथा हिंदुओं के १६ विशेषकर कश्मीरी पंडितों में प्रचलित २४ संस्कारों को ओर मेहंदी, व्यूग, पगडी, रत्न चां'गिज(द्वीप) आदि का प्रयोजन भी संक्षेप में संकेत दिया गया है।

सारांश यह कि इस पुस्तक में कश्मीरी पंडितों में प्रचलित दो मुख्य पवित्र तथा शूभिदार या शोभायमान एवं महत्त्वपूर्ण संस्कारों जैसे मेखला तथा विवाह के समय गाया जाने वाला

ह्यंज़े वनवुन का मूलपाठ तथा टीका सहित प्रस्तुत किया गया है। जैसे लकडी काटने 'ज़्युन च़टुन' से लडके या 'मेखलि महाराज़्' के नदी(यारबल) पर जाकर वापस घर आने तक और विवाह में लडकी की विदाई तक शास्त्रीय पद्धति के अनुसार भिन्न पडावों का ब्योरा दिया गया है, ताकि हर कश्मीरी पंडित को अपनी संस्कृति के वर्ताव में तनिक भी कठिनाई न हो और दूसरे पर निर्भर न रहना पडे।

'स्वांतः सुखाय लोक हिताय' के इस न्यूनतम मौलिक प्रयास की सफलता का आंकलन जनता ही कर सकती है। इस प्रयास में अनेक लोगों ने मेरी सहायता की है जिन का मैं हृदय से आभारी हूँ। इनमें अनंतनाग निवासी प्रोफेसर श्री मनमोहनजी तिक्कू, मनोरमा बोडी के श्री विजय कौल नाज़िर, सतीसर फाऊंडेशन-संस्कृत विभाग जम्मू विश्वविद्यालय, श्रीमती रूपाजी गंजू भारत नगर जम्मू, श्रीमती ज़ालाजी दर(बहूरानी) श्रीनगर, श्रीमती कमलाजी (चांदरानी लेखक की धर्मपत्नि) तथा उनकी बहन श्रीमती चूनीजी ,श्रीमती शोभावती दर हरमैन निवासी, श्री सूरज कृष्ण कौल उदयवाला जम्मू, श्रीमती मुगलानी देवी वच्ची निवासी , आदि उल्लेखनीय हैं। हर शुभ प्रस्ताव अमान्य नहीं है।

विशेष-स्मरण रहे कि इस पुस्तक में वनवुन शब्द के लिए 'ह्यंज़े वनवुन" तथा 'गोर' शब्द के स्थान पर 'ग्वर' प्रयोग में लाया गया है ताकि कोई भ्रम उत्पन्न न हो। पुस्तक के अंत में शब्दार्थ वर्णमाला के अनुरूप है।

असाधारण रचनाः-कश्मीरी 'ह्यंज़े वनवुन' कोई साधारण रचना या पद्धति नहीं अपितु हिंदुओं, विशेषकर कश्मीरी पंडितों के संस्कारों की सारगर्भित तथा अर्थयुक्त एवं क्रम बद्ध सांस्कृतिक कृति है जो कश्मीरी पंडित समाज के जीवन के लिए एक मार्ग दर्शक भंडार है। वास्तव में विवाह संस्कार शिव सती या पार्वती के विवाह का ही प्रतिबिंब है। इस कारण वनवुन शैव मत की सैद्धांतिक रीति का पर्याय ही है। जो संस्कारों के आयोज़न के समय गायन द्वारा प्रस्तुत करके दर्शाया जाता है। ज़ो पुरातन काल से प्रचलित है जिसको विधर्मी क्रूर शासकों के समय भी जीवित रखा गया है। अब इस को जीवित रखना हमारा धर्म ही नहीं दायित्व भी है। **कश्मीरी पंडित समाज के कोष में हमारी संस्कृति के इस भाग**

का समावेष होकर वर्तमान जनता तथा आने वाली पीढी के लिए संदर्भ प्राप्त हो सकता है।

एक विशेष क्रम में बरतने वाले इस प्रकार के वनवुन को कश्मीर के सामान्य लोक गीतों से अलग रखना ही श्रेयस्कर है। जब वैदिक भाषा व्याकरणबद्ध हो गई तो दूसरी भाषाओं की तरह कश्मीर की वैदिक भाषा के व्यवहार में भी विकार आगया और आधुनिक कश्मीरी भाषा का रूप ले लिया। हालांकि कश्मीरी भाषा में अनेकानेक वैदिक भाषा के शब्द अब भी प्रयुक्त हो रहे हैं। पुराने युग में विवाह अथवा मेखला संस्कार संपन्न करते समय वैदिक भाषा या संस्कृत भाषा में श्लोक का उच्चारण करते हुए सबको समझ आया करता था। उस समय होम का अनुष्ठान करते समय गुरुमुख महिलाएं भी होम के पास में बैठ कर वेद पाठ करते हुए आहुति दिया करती थीं। किंतु जब कश्मीरी लोक भाषा जन साधारण में प्रचलित हुई तो श्लोकों का अर्थ हमारी समझ से छूट गया और विशेषज्ञ गुरुमुख महिलाओं ने इस कार्य को संभालते हुए होमाग्नि के निकट ही बैठकर सामवेद का गायन प्रचलित भाषा में संभालने का भार वहन किया।

मील का पत्थर(ब्रांद क'न्य) महिला-हमारे धर्म तथा समाज को दृढता प्रधान करने की प्रथम पौडी मात्रशक्ति ही है। इस तथ्य को समझना, कश्मीरी पंडित महिला वर्ग के लिए जानना अत्यंत आवश्यक है। इसी कारण संस्कारों की शास्त्री पद्धति की क्रमबद्ध प्रक्रिया को होम या हवन आदि के समय समांतर रूप में जनसाधारण की भाषा में ह्यंज़े वनवुन द्वारा प्रस्तुत करने की परिपाटी आरंभ हुई है ताकि उपयुक्त स्वछ दैवी वातावर्ण बनाने के साथ दूसरे लोग भी इस बात से अवगत हो जाएं कि होम आदि किस स्तर या क्रम तक पहुंच चुका है, इस प्रकार यही मात्रशक्ति होम कर्ता ब्रह्मणों के समांतर चलकर उनके प्रति प्रहरी का भी काम कर रही होती हैं कि लगन या जनेऊ या मंडल की निर्धारित घडी टल न जाए। जैसेः-

त्वहि छ'व् चंद् गरि अ'स्य क्या बोज़व, ल'गनस क'च गरि रोज़'व ।

स्वर् रूज़िज़ि योनिच ग'र युथन् फेरे, ला'गिव ट्यो'क, पोश, अर्घ शेरे।

प्रस्तुत पुस्तक लिखने का आशय भी यही है कि कु-समय की धूल में ढके हमारे 'ह्यंज़े वनवुन'

कोष रूपी मोती को झाड कर संसार के सामने लाया जाए ताकि जनता के मन में संदेह, भय तथा अंधविश्वास न रहकर अपने अमूल्य धरोहर की वास्तविकता को जानकर इसे संभाल भी सकें। ह्यंज़े वनवुन का पुस्तक रूप में बने रहना कुछ और बात है तथा इसको समझकर वास्तविकता को जानना और व्यवहार में लाना दूसरी बात है।

ह्यंज़े वनवुन क्यों ? 'ह्यंज़े वनवुन' को सामवेद की संज्ञा दी गई है। इसका गायन परम पुण्य माना गया है। साम गायन को मानसिक रोगों की समाप्ति का कारण कहा गया है। इसके बारे में कहा है

युस फल सन्यि वारि तू कन्या दानस, सुय फल छु गूपियन वनवनस।

पुराणों, विशेष कर भागवत पुराण में ऐसा कहा गया है कि जहाँ हर चर्चा, भगवत भजन, सतसंग, होम आदि कोई भी धर्म संबंधी कार्यक्रम का अनुष्ठान हो रहा होता हो वहां गंगा यमुना सरस्वती आदि नदियां, देवतागण, ऋषि, मुनि अवतार आदि पधारते हैं। इनको ऐसे समय पर बुलाया जाता है इसी कारण उनके पधाराने के उपलक्ष में घर की नई मिट्टी से लिपाई तथा जंगल से 'जायि लसूज' नाम का विशेष प्रकार का पवित्र घास जायि लछ़्ज लाया जाता है जिस को झाडू के स्थान पर सफाई के लिए विशेष कर घर के द्वार को साफ करने हेतु प्रयोग में लाया जाता है। जिस से घर तथा आस पास का वातावरण शुद्ध तथा पवित्र हो जाता है ताकि संस्कार के समय देवता आदि के उपस्थित रहने से उनके अतिथि सेवा में कोई कमी न रह कर देव लोक जैसा वातावरण बनाकर उनके आषीर्वाद के भागीदार बन सकें। आषय यह होता है कि एक ओर वेद वाणी तथा दूसरी ओर 'ह्यंज़े वनवुन' की गूंज से समाज के सदस्यों को मानो देवताओं की सभा ही में परिवर्तित किया गया हो।

विशेष :-

ब्राह्मण घर में जन्म लेने विशेष कर गर्भादान के समय से ही बच्चे को ब्राह्मण समाज में सम्मिलित करने हेतु स्वस्थ तथा गुणसंपन्न बनाने के लिए संस्कारित किया जाता है ताकि बच्चा ब्रह्मकर्म करने के योग्य होकर पूर्ण ब्रह्म को जानते हुए उसमें स्थित होकर चारों पदार्थों, धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष को प्राप्त कर सके। जैसे:- ह्यंजे-

लछ् ब'द्य ज़न्म व्लंगिथ आखो, चाखो ब्राह्मण जनमस मंज़।

अर्थ-मेखलि माहराज़ की ओर संबोधन करके:-अरे तुम लाखों जन्मों को लांघते हुए अब ब्राह्मण शरीर में आ गए हो इसी लिए तुम्हारा जनेऊ संस्कार किया जारहा है।

ह्यंज़े :- अर्थ-**(आवाह करुन)** किसी उच्च स्तर के व्यक्ति को बुलाना। ह्यंज़े किसी ऊंची पदवी वाले को आवाह जब अर्थ सिद्ध हुआ तो ऊंची पदवी वाला कौन है? जिस को किसी शुभ अर्थात मंगल कार्य के आरंभ करने के समय आवाह्न किया जाता है। यह देखा गया है कि भारतीय संस्कृति में किसी भी ऐसे शुभ कार्य जैसे जन्मदिन पर नारीवन (मौली को), होम (श्रीगणेश को), शिव पूजा (शिवलिंग को) आदि के समय नारायण या पूजा संबंधी देवता का आवाहन करके जीवादान दिया जाता है, तथा उस देवता का आवाह करके उसे प्रत्यक्ष मानकर उसकी पूजा अर्चना की जाती है। देवताओं तथा शक्तियों विशेष कर माता **पार्वती के लिए इसी आवाह्न को ह्यंज़े कहते हैं जो एक सूत्र ही है।**

हम किसी भी संस्कार की प्रक्रिया का जब समष्टि रूप से समीक्षा करके देखें तो **'ह्यंज़े वनवुन' देवलोक जैसा स्वच्छ तथा शांत वातावरण बनाने में अत्यंत सहायक होता है। सारांश यह कि 'ह्यंज़े वनवुन' दृष्यमान वातावर्ण को अलौकिक बिंदु में परिवर्तित करता है। संगीत के कंपन युक्त ताल और लय से जिससे शांत रस की अनुभूति होती और उसी को अहं विमर्ष के रूप को प्रतिमा द्वारा प्रतिबिंबित करना होता है और इस अनुभूति को शास्त्रज्ञों ने शांतरस[३] के नाम से निर्देशित किया है।** तुमतडाके वाली छकरी या धमाके दार गाने का प्रभाव अधिक समय तक नहीं रहता। 'ह्यंज़े वनवुन' के सामने वह तो केवल कोलाहल ही है। **स्मरण रहे कि टेप** द्वारा वनवुन से गाने की वह सूक्षम तरंगें प्राप्त नहीं होती हैं जो जीवंत 'ह्यंज़े वनवुन' से प्राप्त होकर सूक्षम प्रकार से हमारे जाने बिना ही हम को प्रभावित करती हैं। इस कारण टेप के साथ साथ महिलाओं को भी गाना चाहिए।

ह्यंज़े तथा कश्मीरी समाज का लक्ष्य। यहां के लोगों का लक्ष्य सरस्वती की पूर्ण प्राप्ति है तो 'ह्यंज़े वनवुन' इस का एक साधन है।

वननावुन क्या है?- कश्मीरी भाषा में किसी भी शुभ कार्य पर केवल महिलाओं द्वारा गीत गाने को वननावुन कहते है। इस में रो'फ, वचुन आदि भी शामिल हैं (शोक युक्त गाने को ल्यलवान कहते है किंतु हिंदुओं में इसका प्रचलन नहीं है)।

वनुन शब्द वाणी शब्द का ही बिगडा रूप है। वाणी का मूल रूप वाक् है, जो वाणी या वाक् देवी सरस्वती का अर्थ देता है। अर्थात स्वयं कुछ सार्थक कहना। कहने की प्रक्रिया के तीन अंग या भाग हैं। १. वनन वोल अर्थात कहने वाला, वक्ता २. वनुन या कहने की क्रिया वाक् तथा वनवुन जो कुछ सार्थक कहा गया हो वक्तव्य। वननावुन अर्थात कहलवाना शब्द में कहने वाला तथा उसी पद को दोहराने वाले दोनों आते हैं। लगातार क्रम से गाते हुए पदों को वनवुन कहा जाता है। किसी दूसरे द्वारा कहलवाना वननावुन होता है। 'ह्यंज़े वनवुन' में वननावुन किसी वैखुरी युक्त गुरुमुख विशेषज्ञ महिला से लय में पवित्र पदों को कहलवाना ही अर्थ है।

ह्यंज़े गायन विधि- इस क्रिया कलाप अथवा सामूहिक गायन में विशेषज्ञ गुरुमुख महिला ही ह्यंज़े वनवन मंडली में नेता का पदभार संभालती आ रही हैं। मंडली में नेत्री पहले एक श्लोक या पद का बोल सुनाती है फिर लय के साथ शेष महिलाएं **ह्यंज** बोलकर इसका अनुकरण करती हैं। हर एक पद में संस्कार के चलते हुए भाग की जानकारी देकर आशीर्वाद दिया जाता है। यज़मन (जजमान) तथा उसकी धर्मपत्नि को वसदेव देवकी या राजा दशरथ तथा कौशल्या, श्रीकृष्ण, रुकमणी की संज्ञा देकर दुल्हन बनी कन्या को जनक पुत्री अथवा पार्वती और जनेऊ धारण करने वाले पुत्र को बलरामजी, रामजी तथा बुआजी को सुभद्रा आदि के पवित्र नामों से संबोधित किया जाता है। इसके बाद हर पद के साथ यज़मन (जजमान) तथा इसके संबंधियों का नाम जैसे यज़मन तथा उसकी पत्नि का नाम, दादा दादी चाचा,पुफी आदि के नाम बोलकर कर उपर्युक्त पद को दुहराया जाता है **जिसको वखनय कहते हैं।** जैसे:-

कलशस पूज़ कर दरबे तुल्यव, टा'न्पट कुलि वसदीव राज़ने।

वखनय- **कलशस पूज़ कर दरबे तुल्यव,टा'न्पट कुलि बाल कृष्ण्ने।** यजमान का नाम।

ह्यंज़े सर्गम-इसका एक विशेष वैदिक सरगम है। जो षडज तथा ऋषभ मंद्र सप्तक में कोमल निशाद (रे, स, नि़)-आरोह अवरोह में चलता है। इस में गाने का वर्तमान सात सुरों वाला शास्त्रीय सरगम या थाट नहीं है।

यह गाना या वनवुन, संस्कार संबंधी होने के नाते अहिंदु जाति से सर्वथा भिन्न है। **ह्यंज़े वनवुन** को पहली बार कोई सुनने वाला या पूरा ध्यान दिए बिना सरलता से समझ नहीं सकता है। इस का कारण इसकी स्पंदात्मक विशेषता है। वनवुन में पूरी प्रक्रिया संस्कार के अंत तक क्रम के साथ अबाध गति से श्रृंखलाबद्ध तारतम्य के साथ चलती है।

कश्मीरी मुसलमान महिलाओं में सुनत या विवाह के अवसर पर वननावुन का प्रचलन है जो अधिकतर (तत्काल रची) रचना ही होती है। जैसे :- (बाबन ओ'नयो टे्यचल गुर छ़ा'रिथ, जल वलो नंबले सा'र करिथ।। या निच निच सू्चने लदु सों'दूकस नेरु बंदूकस टास त्रावने, आदि)। रो'व या रो'फ रमज़ान तथा ईद के दिन गाया जाता है। एक समय था जब मुसलमान महिलाएं रमज़ान मास में हर शाम से आधी रात तक रो'फ या रो'व गाती थीं। दूर दूर स्थानों से रात को सामूहिक 'रो'फ' की मधुर तथा रसीली तान बहुत ही सुंदर लगती थी।

घरनावय से मेहंदी रात तक 'ह्यंज़े वनवुन' के बाद तुंबकना'र (मिट्टी की ढोलक) पर भजन तथा लीलाएं गाई जाती हैं, गागू्र (पीतल का घडा) या नो'ट (मिट्टी का घडा), लो'यि खोस (cup made of alloy) छनका, कुंजू् को'र (चाबियों का गुच्छा), थाली चमचा, आदि वाद्ययंत्रों के तोर प्रयोग करते हुए यह जागरण प्रभात तक चलता रहता हैं।

ह्यंज़े वनवुन प्रक्रिया का सारः-

१. **साथ वुछुन**.(महूर्त देखना) लडका जब ७ से १५ वर्ष के आयु के बीच तक का होता है तो सबसे पहले अपने परोहित, जिनको कश्मीरी पंडित ब्रह्माजी अथवा गुरु, (कालांतर में विकृत होकर गोर)५ के पास जाकर नई न्यचिपत्र (नक्षत्र पत्री) में बच्चों के मेखल संस्कार या विवाह संस्कार के लिए शुभ नक्षत्र देखकर शुभ तिथि नियुक्त की जाती है।

नवि न्यचि प'तरे रुत द्राव साथा, ज़गि हुंद दाता छु श्री भगवान।

२. **ज़्युन चट़ुन**. (लकडी का प्रबंध). इसके बाद लकडी का प्रबंधन होता है।

ज़्युन चो़'ट कारंदव त् तबरदारव, अज़ गय खबर बांधा'वन।
स्वन् सुंज़ि मकचे़ रो'प् सुंद दन', वन' खसव च़ंदुन च़ट'ने।

३. वुर् बल त् पश द्युन .(मिट्टी लाना , रसोई के लिए छप्पर लगाना) ।

४. दपुन-सोव या शुभ नक्षत्र पर अपने संबंधियों को बुलाने का कार्यक्रम आरंभ होता है। अच्छे ज़ेवर पहनकर अच्छे शगुन (रू़च़ ज़ंग वुछिथ) के साथ सबसे पहले यज़मन बाय (जजमान की भार्या)अपने मायके जाती है। सब को निमंत्रण देकर तथा उनसे पुशाक अत्गथ (आने जाने का खर्चा), नमक, व'र (गर्म मसाले की टिक्की), अट्हो'र (कानों में लटकने वाला सूती लटकन) तथा रोटी लेकर घर वापस आती है।

५. म्वंगवरे'न वननावुन त् लिवुन (सारे घर की लिपाई होती है)।

६. गर् नावय-पननिस मकानकिस हंगस जावि लस्ज डाल्ज त् क्रूल खारुन। (घर के द्वार को रंगोली से सजाना)

सुभद्रा मा'ली क्रूल खोरूथय, लो'दये भगवानन त् प्रावेहम।

मेहंदी रात (मां'ज़िराथ)। 'घरनावय' के बाद मेहंदी रात होती है। अच्छे नक्षत्र पर बालक या कन्या को पुफी,(श्रीकृष्णजी की बहन, उच्चतम आदर की परिचायक) द्वारा मेहंदी लगाई जाती है। फिर सब रिशतेदारों को मेहंदी लगाई जाती है। मेहंदी समीर पर्वत से आई होती है। मेहंदी का प्रभाव ठंडा होता है और इसका आयुर्वेदिक महत्त्व भी है। मेहंदी का दूसरा पक्ष भी विचारणीय है कि दोनो भौहों के बीच में निश्चलता से ध्यान टिकाने के कारण कुछ देर बाद हल्का लाल पीला रंग दिखाई देता है। मेहंदी लगाने का अर्थ भी यही हो सकता है कि महाराज़्(दुल्हा) या महारे'न्य(दुल्हन)भी वासनाओं का दमन करके इस प्रकाश को अनुभव करने के योग्य हो गए हैं तथा इन में मेहंदी जैसी शीतलता आ चुकी है।

समीर अ'न्द्रय मां'ज़ि हुन्द तर द्राव, त्यलि द्राव ये'लिआव ल्यनृ्य गाश।

अर्थः- समीर पर्वत (सर या ब्रह्मांड) के अंदर मेहंदी की कोंपल उत्पन्न हुई और ऐसा तभी हो सका जब छोटे छिद्र (आज्ञा चक्र) के बीच प्रकाश प्रकट हुआ।

७.दिवगोन-देवगुण(सं) देवता जैसा गुणसंपन्न बनाना। यह एक हवन होता है।

दिवगोन होम अथवा यज्ञ का ही अनुष्ठान है जिस में तिल, जौ, अखरोट, चावल, घी, श्रीफल, चूना आदि प्रयोग में लाए जाते है। दिवगोन से शुद्धि हो जाती है तथा मन और शरीर में पवित्रता प्राप्त होकर व्यक्ति संस्कार के योग्य हो जाता है। इसी लिए माना गया था कि दिवगोण के बाद मेखलि महाराज़, महाराज़् (दुल्हा) या महारेन्य (दुल्हन) का लग्न संस्कार होने तक घर से बाहर जाना निषेध है, **जो उनके लिए हानि कारक हो सकता है।**

८.**दिवगोनस लिवुन**- (दिवगोन के लिए लिपाई करना)। य'ज़मन (जजमान) का स्नान करके आना, लव् दिज -सर तथा मुख को पानी की छींटें देना। मरेद अर्थात चूना, तेल, बादाम, श्रीफल तथा अखरोट लाना। त्र्शाकल डून (जिस अखरोट के अंदर छः गिरियां हों) या तीन अखरोट रखना। मरेद से मंडल बनाने का काम गुरुजी स्वयं करते है। यज़मन (जजमान) मंडल के पास बैठते हैं। कलश की पूजा अर्घ्य तथा फूलों से होती है और महिलाएं वर्ष के भिन्न महीनों में खिलने वाले पुष्पों का नाम, गुण बताते हुए मेखलि महाराज़् को 'स्वरिव तप् रे'षव सदाशिव' अर्थात तपस्वी कहकर सदाशिव का स्मरण कराया जाता है। यज़मन बाय (जजमान की भार्या) स्नान करती है भर्ता का ध्यान करती है, तरंग् (head gear) या नई साडी पहनकर **टे'क्य पूच़** लगाती है तथा सब इसको **'छायख छ्युय'** कहकर बधाई देते हैं। इसके बाद साफ थाली में दिवत्गूल्य (गोलाकार पिंड) समेटना, पहला ईशान कोण से से आरंभ करना -(पूर्व-उतर के बीच का कोण-ईशानकोण है। फिर उतर पश्चिम-वायु। फिर दक्षिण पश्चिम-नैऋत।-और पूर्व दक्षिण -आग्नेय) तथा पानी को काट कर इस में इन का विसर्जन करते हैं।

९.**(दुर्यबत् या सहायता)**:-यज़मन बाय के माता पिता लडकी के लिए अर्थ तथा छत्रहार या चावल, पुशाक आदि के रूप में सहायता लेकर आते हैं। मेखल हो या विवाह मायके वाले सामूहिक तौर पर यथा संभव पदार्थ तथा सामान साथ ले आते हैं। दरवाज़े पर पहुंच कर उनकी तथा साथ में लाए गए वस्तुओं की आलथ (चावल तथा पानी की थाली)या आर्ती उतारी जाती है। आलथ के थाल में मैके वालों द्वारा कुछ रुपया डाला जाता है। इसके बाद ही वे लडकी के घर में प्रवेश करते हैं। जहां इन की विशेष खातिरदारी होती है।

१०अभिषेक-(दूब या कुशा से अभिमंत्रित पानी छिडक कर ऊंची पदवी पर आसीन होने के लिए पवित्र बनाना)। कन्यश्रान (स्नान) नई चौकी के ऊपर मरेद (चूना) से लकीरें खेंचकर 'महाराज़' या 'महारेन्य' को बिठाया जाता है तथा ऊपर साडी रखी जाती है। इस साडी को खडी चार कन्याएं चार कोणों से पकडती हैं। गुरुजी मंत्र पढते हैं और गो'ड (स्नान) देता है। साडी के ऊपर सर के सीध में दूध मिला पानी डालते हैं। दूध दही तथा अन्य अवशधि मिले पानी से शरीर को मला जाता है। इसके बाद कपडे पहनाये जाते हैं। महाराज़ का चेहरा अंगोछे से ढका जाता है और मामा जी उसे गोद में उठाकर अग्न कुण्ड के पास ले जाते हैं और अग्न के सामने चेहरे से पर्दा हटाया जाकर अग्नि तथा दिवतमून (देवयों) का दर्शन कराया जाता है। तिलक लगाकर पिता के बायें ओर और गुरुजी के दाहिने ओर बिठाया जाता है। इसके बाद चावल, रुपया, नमक, वरी (मसाले से बनी टिक्की), अखरोट या बादाम थाली में रखकर सर ढांपे कन्या के हाथ में देकर तिलक लगाते समय यज़मन के दाएं कंधे को तीन बार इस थाली का स्पर्श कराया जाता है इस को **ज़ंगि युन** कहते हैं। फिर कलाई पर नारीवन (मोली) बांधा जाता है। फिर श्रीफल लेकर आज़िदर्शन(आहुति देने वासते बर्तन में रखे घी में अपना दर्शन करना) किया जाता है। फिर दाएं बाजू में जनेऊ रखकर तर्पण किया जाता है।

११. दिवतृगूल्य वालुन:- दिवगोन वाले दिन के सायंकाल को महिलाएं दिवतगूल्य(भात के गोले) लिए हुए यज़मनबाय (जजमान की भार्या) के गिर्द रह कर गाती हैं। एक महिला दीपक लिए आगे गीत गाती चलती है और पानी के पास जाती हैं। पानी को काटकर एक एक करके दिवतगूल्य पानी में डाले जाते हैं। फिर महिलाएं गाती हुई घर लौट आती कहती हैं:------**वसदीव राज़ुनि दा'न्तुवि डबे, अ'स्य वा'त्य पनने लबे तल।**

१२. हुव्दूशीश- इसके बाद नैवेद्य या हुव्दूशीश (हुतशेष) बांटा जाता है जिसको खाकर श्रेष्ठ पुरुष सब पापों से छूटते हैं। **यज्ञशिष्टाशिनः संतोमुच्यन्तेसर्वकिल्बिशैः** गीता३:१३।

१३.अग्न् क्वंडस सों'दरावुन- मेखला के लिए अग्न कुंड में आग सुलगाई जाती है। जिस में आहुतियां डाली जाती हैं।

१४.ना'र्यवन तारून्य मेखला के समय कानों में मौली पहनना-specific symbol of identification यज़मनबाय (जजमान की भार्या) स्नान करके आती है। पति पत्नि हवनकुण्ड के पास बैठ जाते हैं। देवता समान पति नारीवन समधि अर्थात तूत के दांतन के साथ लपेट कर पत्नि की गुथ में पिरो लेता है, (अंत में देखें सीमांतोनयन)। अपने गोत्र के नज़दीकी संबंधियों जैसे लडके की चाचियां तथा उनकी बहुएं आदि सभी को नारीवन इसी प्रकार से पिरोए जाते हैं। यह बहुत ही शुभ माना जाता है। इनमें से विधवा महिला को गुरुजी पिरोने में सहायता करते हैं। इसके बाद टे'क्य पूच़ पर सिंदूर से पत्ते तथा विशेष मंडल या चक्र लिखा जाता है। अरतलि वथूर कढाये जाते हैं। आजकल इसके स्थान पर विशेष कागज़ से बने टे'क्य ताल से काम चलाया जाता है। इसको सर पर साडी के साथ लगाना समस्त यज़मन बायों का दायित्व है। उसके बाद लडके के गर्भादान से लेकर त्रुय 'तेल अर्थात दंदगूज, स्वंदर,' चूडाकरन या ज़रूकासय, बोधि रखना, लोंगी, उस्तरा, ज़ंग (रुपया) नाई को देना तथा काहनेथर् (जातकर्म) आदि का होना गिनाकर 'ह्यज़े वनवुन' में गाया जाता है। लडके का स्नान करना तथा आ'ट्यपन (मेखला) श्रानपट (स्नानपट) बांधना, मृगाज़ल (मृगछाला) धारण करना, बोधि को ब्रह्मगंड लगाना, तिलक लगाना, नारीवन (मौली) बांधना, पैर मुख को पानी की छींटें देना, सोने की अंगूठी से पंच गव्य (गौ या बछडे का ताज़ा गोबर, मूत्र, घी, दूध, मिश्री को मिलाकर बनता है।) का आचमन कराना, वेद पाठी ब्रह्मणों को ब्रहस्पत गुरु की पदवी प्रधान करना, तिलक लगाकर फूल तथा अर्घ चढाना, 'ह्यज़े वनवुन' में बालक रूपी श्रीकृष्णजी को जनेऊ धारण कराने का समय ब्रह्मणों को स्मरण कराना, धागे की जीवन यात्रा, जनेऊ के लिए जंग लाना। लाखों जन्मो के बाद अब ब्रह्मण जन्म में पदार्पण होना, भिक्षा थाली, अभीद (मैं और आप अभेद हैं) लेना, श्रीफल से आज़ि दर्शुन करना तथा अग्नव'त्री से होम करना, संध्योपासन तथा 'श्रान व्यद' (स्नान विधि) सिखाना, लडके के कान में मंत्र बताना, देवकी माता के पुत्र रूपी मेखलि महाराज़ द्वारा होम करना, पोशि क्षुर (टोकरी) भरना तथा व्वमन हो'र (चमचे)को मेवा आदि से भर कर आहुतियां देना, २४ पक्षाक तथा ७२ शांतयों का पूर्ण हो जाना, यज्ञ शाला में त्रिकारण तथा देवताओं का

आवाहन करके उनका सानिध्य प्राप्त करने के विषय में ह्यञज़े 'वनवुन' में गाया जाता है।

आवाहन कोरुख ब्रह्म लूकस तय, ब्रह्मा विष्णु सदाशिव ह्यथ आव।
सतु्रे'ष ये'ति बीठ्य वीद परनस तय, दिवता आयि पोशिदसतय ह्यथ।
अ'सि दीवी छि सामवीद परान, तोह्य ब्राह्मण कोन् शा'न्च् परान ।।

बीस पच्चीस वर्ष या इससे अधिक आयु वाले स्नातक को जनेऊ संस्कार के समय स्नान विधि बताना तथा पहला अक्षर 'ओमाओम' पढाना हंसने योग्य बात है ऐसा करना निरर्थक औपचारिकता ही है। ऐसा ही दूसरे संस्कारों जैसे लोसि व्थुन, बुर्ज़्म्यट, लठ मो'कलावृन आदि के बारे में भी कहा जा सकता है।

५. **ग्वर** (गुरु)- ब्राह्मण जो वेद, शास्त्र तथा कर्म कांड का जानने वाला, व्यावहारिकता में परांगत तथा मंत्रों का अर्थ जानने वाला हो अर्थात ब्रहस्पति जैसा व्यक्ति। कश्मीर में रहने वाला हर पुरुश नारी सभी ब्राह्मण हैं। इनमें कोई वर्ण विभाजन नहीं था न अब ही है। इनका कोई पुरोहित नहीं होता था। कहा जाता है पहले कि कश्मीर में रहने वाला हर ब्राह्मण निर्धारित कर्म कांड में परांगत होता था तथा प्रत्येक संस्कार कर्म स्वयं ही करता था। अंतेष्टि आदि विशेष संस्कार अपनी बरादरी का वरिष्ठ ब्राह्मण ही संपन्न करता था। महिला वर्ग भी पूर्ण रूपेण कम विद्वषी नहीं थी, पुरुष वर्ग को पुरुष ब्राह्मण तथा महिला वर्ग को ब्राह्मणी

ज्ञानार्जन करती थीं। समय के परिवर्तन से मुसलमान शास्कों के दौर में ब्राह्मणों ने अपने काम को दो वर्गों में बांट लिया ताकि रोज़गार भी प्राप्त हो तथा अपना धर्म कर्म भी डूब न पाए। जो समाज की कर्म काण्ड प्रक्रिया को जारी रखेंगें। वे शास्त्र विद्या सिखाने के साथ साथ परोहित का काम भी करने लगे, समाज में उनको शुद्ध ब्राह्मण गुरु या ब्राह्माजी कहा जाने लगा। इन का घर गुरु कुल का भार वहन करने लगा। कन्याओं को गुराईन स्त्री संबंधित सारे गुप्त संस्कारों की जानकारी तथा शिक्षा देती थी। बालिका को उसके घर पर ही विद्यार्जन कराया जाता था। यह कार्य गुराईन संभाल लेती थीं। बालिका को मंत्र आदि सिखा कर घर ग्रहस्थी के पवित्र नियम सिखाये जाते थे। जिनमें प्रातः जागकर उठना, हाथ मुंह धोने की विधि, शोचाचार (श्रोचा़चा़र), शुद्ध श्रूच़ भोजन या खान पीन, जीवन मूल्य जैसे हया शर्म, दया धर्म, उच्च कर्म तथा क्रिया कर्म, घर की स्वच्छता जैसे (ब्रांदफश, सनिवा'र खा़न्य, द्वारस लव़् दिनि, दानस लिवुन त़् संद्रावुन, अग्नस छत्रहार् तो'मुलचि आहुति दिनि, दानस म्यट, त़् सनिवारे'न बत़् त्रावुन') तथा प्रातः पक्षियों का भाग देना। इसके अतिरिक्त मात्रत्व शिक्षा के मुख्य गोपनीय नियम, जैसे रजुसुलापन आदि को संभालना आदि तथा संस्कारों की जानकारी इत्यादि। अत्‌गथ, ज़ंग आदि की भी जानकारी दी जाती थी। अध्यात्म की शिक्षा सरल रोचक किंतु ऊंचे स्तर की पहेलियों में प्रशनोत्री द्वारा दी जाती थी। जैसे.

हु कुस ब़् कुस ते'लि वन च़् कुस- तथा जून मा'ज जूने अंगन मंगन --।

गुरुओं को अत्यंत आदर की दृष्टि से देखा जाने लगा। इस आदर की भावना ने आपस में विवाह का सूत्र टूट गया (पिता त़् पुरोहित कुनुय गव' सथ च़्यथ आनंद विज्ञान रव'। परमानंद ज्ञान प्रकाश पृष्ठ १४४)।

६. **ड्यजहो'र** या **ड्यजहुर- ड्यजहोर** का जोडा अर्थात सोने का वह षटकोणी आभूषण या मंगल सूत्र जो पिता अपनी पुत्री को विवाह के समय पहनाता हैं। शंकर रचित सौंदर्य लहरी के श्लोक ५९-६० में माता भगवती के कानों में पहने जाने वाले अलंकारों के बारे में वर्णन गया है।

श्लोक - स्फुरद्गण्डाभोग-प्रतिफलित-ताटंक युगलं,

चतुष्चक्रं मन्ये तव मुखंदिम मन्मथरथम। ५९

अर्थ-हे माता! अनेक रत्नों की चमक से दैदीप्यमान आपका कपोलस्थल निर्मल दर्पण के समान है उनमें आपके कर्णयुगल में धारण किए हुए कर्णफूल जो गोलाकार होने से ऐसे लगते हैं कि वे मनमथ के रथ के पहिए हों। तथा- सरस्वत्या सूक्तीरमश्त-लहरी-कौशलहरीः

पिबन्त्याशर्वाणिश्रवण-चुलुकाभ्यामविरलम् ।चमत्कार-श्लाघा-

चलितशिरः कुण्डलगणो, झणत्कारैस्तारैः प्रतिवचनमाचष्ट इवते। ६०

अर्थः हे भगवती! गद्य-पद्य स्वरूप स्तुतियों को जो कि देवी सरस्वती की शोभन वाणी तथा अमश्त लहरी के कौशल को दूर करने वाली है, उसको आप निरंतर अपने कर्णरूप चशकों से सादर सुनती हैं, उसके चमत्कार पूर्ण एवं माधुर्य से आनंदित होकर जब आप उसकी प्रशंसा में अपना मस्तक हिलाती हैं, तब वे कण्डलगण भी उस स्तुति वाणी के श्रवण से चमत्कृत हो कर हिलते हैं, जिससे मणिगणों की जो झंकार-ध्वनि होती है,उस से ऐसा लगता है कि वे कुण्डल भी माधुर्यपूर्ण, अमृतमय वाणी की प्रशंसा का अनुमोदन कर रहे हों। श्री ओमकार नाथ च्रोंगू द्वारा कश्मीरी भाषा में इन का अनुवाद इस प्रकार हैः-

ड्यजहो'र ज़ूर्य मुगंडन प्रव् त्रावान,। ज़न कामदीवसुंद च़् पयि रथ पकान। ५९

वाखदीवी ह्वंज़ अमश्त् अस्तुति, छ्य लगान मीठ त् कन चे़ आनंद तुलान।

ड्यजह'र्य कन वज़ान व्यकासस तिम यिवान। ६०

ऊपर दिये अर्थ में 'ताटंक युगलं एवं कुण्डलगणो' को 'ड्यजहो'र' के अर्थ में लिया गया है। मेरे विचार में यदि 'मनमथ रथं' के चक्रों को ध्यान में रखा जाए तो यह कानों के कुंडलों को दर्शाता है तथा कुण्डलगण' कुंलडयों को दर्शाता है न कि ड्यजहो'र को जो कि षट्कोणी आकार का होता है। फिर भी इसका आंकलन जनता ही कर सकती है

मेरी अनुभूति में ड्यजहो'र या ड्यजहुर आभूषण पहनने का प्रचलन शिव पार्वती विवाह जितना पुराना हो सकता है। ड्यजहो'र शब्द ड्यज तथा हो'र दो शब्दों की संधि से

बना है। 'ड्यज' 'डीज' अर्थात दान में दी गई वस्तु का पर्याय ही है और 'हो'र' का अर्थ जोडा होता है। जैसे दूर् हो'र, वनवनहुर, नरि हो'र, अ'ट् हुर(शरीर के साथ बांधकर रखने वाला रसी का जोडा) आदि। 'डीज' शब्द एक नहर का नाम भी है जो लडकी को दहेज (दायज, दायजा) में दी गई थी।(बूछू त्राल के एक वरिष्ठ पुरुष लस् बूछू जो अपनी आयु ११० वर्ष से अधिक बता रहे थे, ने १९६३ ई० में तेजराम के चक पंचपोरा में सुनाई थी कि एक वर्ष भयंकर अकाल पडा था तो एक पिता ने बूछू ग्राम में बियाही गई अपनी बेटी के सूखे खेतों की सींचाई के लिए एक नहर खुदवाई थी)। यह नहर लारीयार ग्राम के खंडवाव नदी के साथ मिलकर वर्तमान मंदिर के पास से होकर वातल आरा को चीर कर बूछू पहुंच जाती है (लारीयार तथा बूछू तक का भाग की यह नहर अब शेष नहीं रही है)। यह डीज शब्द एकवचन होने के कारण 'हो'र' साथ में नहीं लगा है। अर्थात डीज का ड्यजहो'र शब्द के साथ अवश्य निकट संबंघ स्थापित किया जा सकता है। कन्या को दान के रूप में दी हुई मूल्यवान वस्तु सोने के आभूषण हो'र के सिवा और क्या हो सकता है? जिस ड्यजहो'र को दिवगोन के समय मंत्रयुक्त करके लडकी को सौंप कर कन्या दान किया जाता है। वास्तव में की बनावट श्रीचक्र का ही बिंब है जो दो त्रिकोणों को आपस में उलटा सटाकर (षट्कोण) बनता है इस प्रकार इस में बने दो सुराखों के बीचों बीच अठ की रस्सी को उतारा जाता है। डे'जहो'र के नीचे की ओर अट्हो'र पिरोया जाता है जो कि विकास का सूचक है तथा त्रिकोण के दो भुजाओं को आगे बढा कर कानों में पिरोया जाता है। कहा जाता है कि अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए शारिका रूप माता पार्वती तरंग, फिरन, लूंगि, डे'जहो'र, अठ अटहो'र, जूज, पूच़ आदि पहने हुए सफेद शेर पर सवार होकर प्रगट हुई थीं।

७. व्यूगः देखें अंतिम पृष्ठ- purified circular place with drawing of 2 to 3 feet dia 16 lotus petals inside and filled with red powdered lime, mehendi and white lime, a first meeting(union) point of bride and groom at the time of reception of marriage party accompanying groom. Also used on thread ceremony with different purpose.

व्यूग का अर्थ है योग अर्थात एक होना। साफ भूमि पर गाय के गोबर तथा मिट्टी से लिपाई की जाती है, तथा इसी पर गोलाकार व्यूग बनाया जाता है। दुल्हे के आने के बाद उसको

आदर से व्यूग पर लाया जाता है। जो श्रीचक्र का सर्वशापरिपूरक नाम चक्र ही है। इस में श्रीचक्र के १६ घर होते हैं। जो त्रिकोण, षटकोण तथा लकीरों से बनता है। जहां प्रत्येक देवता के लिए एक ही मण्डल लगता है वहां श्रीचक्र केवल शिवशक्ति के लिए ही है। इसका आकार बाहर से मंडलाकर होता है। १६ कमलदल इन 16 घरों का प्रतीक है। यह **16 घर कामकर्शणी, बद्धि, अहंकार, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध, चित्त, धैर्य, स्मृति, नाम, बीज, आत्मा, अमृत तथा शरीर है।** इसलिए व्यूग बनाते समय १६ दल कमल के बनाये जाने को कहा गया है। जिसमें दूसरे रंगों के अतिरिक्त चूना, महेंदी तथा लाल रंग का समावेश होना आवश्यक माना गया है। लाल रंग अंड का प्रतीक है मरेद या चूना बीज तथा मेहंदी जीवन का प्रतीक है।

Shree charka which verily the macrocosm as well as macrocosm is the body of the two in one. p45 chapter 8. Sri Chakra s.Shankanarayanan.1979 Edition

व्यूग गोलाकार बनाया जाता है। 'ह्वंज़े वनवुन' में व्यूग के लिए १६ घर कहे गए हैं– इस का अर्थ योग या मिलान, जोड, शिवपार्वती के स्तर तक पहुंचकर एक दूसरे के हृदय में प्रवेश करके एक होना अर्थ सिद्ध होता है। श्रीचक्रं शिवयोर्वपुः। अर्थात 'Sri Chakra is the one body of Shiva couple' Bharav Yamla pp 39 . ibid

वीगिस चा'निस शुराह गरय, मां'ज़ि मरेदि बर'यो।
व्यूग लेखयो शिवय नाथो, नकाश आव व्यूग लेखने।

श्रीचक्र के १६ कमल दल के स्थान पर

कुंड़लिनी योग में इस तथ्य को १२ घरों से दर्शाया गया है। इनमें

कमल दल १२ अनाहत चक्रं खं गं घं डं चं छं जं झं न्यं टं ठं, प्रवृतियोग, स्थानत्र हृदय, प्रहरी देवतात्र पार्वती शिव, फल त्रपरकाया प्रवेश, गुणत्र सर्व में भगवत दृष्टि, शक्ति काकिनी, रंग अरुण–आदि। (देखें पृष्ठ १५०, जीवनी स्वामी गोविंद कौल वनपोह, मुद्रित २००६ अंतिम पृष्ठ पर की तालिका। लेखक पुष्कर नाथ रैणा, लारीयार त्राल,९६ मनोरमा विहार बोडी पट्टा २ जम्मू)।

- पुष्करनाथ रैणा

व्यूग पर चावल से भरी दो छोटी थालियां रखी जाती हैं जन पर व'र (गर्म मसालों से बनी टिक्की) तथा मोहर या रुपया रखा जाता है। स्मरण रहे कि योग में वासना तृप्ति का कोई स्थान नहीं है।

7 (क) मंडल विशेष लकीरें खेंचकर बनाई जाती हैं।

'The Mandal is pictorial representation of process of the descent or devolution of one supreme consciousness, step by step, layer by layer into this creation of multitude forms'. In south India, it is a practice in most of the homes to draw a Mandal in front of the house in the morning to bring auspiciousness and to ward off evil. The Tamil name of Mandal is Kolam. The Concept Of Cakra By S.Sankarnarayanan page 9 & note below .

8. द्वार पूज़ा (लडकी के घर के दरवाज़े की पूजा करना)-द्वार कोटि तीर्थ ही कहा जाता है। इसी लिए प्रातः दरवाज़े को सब ओर से ताज़े पानी की मंत्र (ओम सिद्ध लक्ष्मी नमः, महा लक्ष्मी नमः।) पढकर छींटे दी जाती हैं। जिनका अपना घर हो तो विवाह के समय अवश्य अपने द्वार की ही पूजा हो जानी चाहिए। इससे संपन्नता आती है। द्वार पूजा के समय केवल दम्पति, उनके पिता तथा दोनों ओर के गुरुजी होते हैं इस कारण द्वार पूजा तथा लगन अपने ही घर में सम्पन्न होना चाहिए यदि संभव हो।

9. पारम डून्य -संतान उत्पत्ति के बारे में मंत्र का अर्थ कन्या को बताकर गुरुजी ७ से ११ अखरोट इसके पल्लू में डालता है। जो संतति का ही प्रतीक है। यह अखरोट लेकर लडकी अपने सुसर के पल्लू में कर डालती है जिसका आशय है कि जितने यह अखरोट हैं इतनी संतति उत्पन्न करके अपने परिवार की वृद्धि करूंगी। सुसर अपने पल्लू में इन्हे लेते हुए संतति का पोशन करने का वचन देता है। **इस प्रण को निभाना समाज का धर्म है। इसी प्रण को न निभाने का परिणाम समाज देख ही रहा है।**

10. लायबोय गंग्र् व्यस- अग्नि के गिर्द फेरे देते समय लडकी का छोटा भाई लाज या लायि फेंकता हुआ अग्न के समक्ष साक्षी देता है कि उस की बहन इन्हीं लाज के समान स्वछ हैं तथा लडकी की छोटी बहन गंगा का पानी लेकर साक्षी देती है कि उसकी बहन गंगा के पानी के समान निर्मल तथा निर्दोश है।

11.नील वठ- लगन के अंतिम चरण में वर वधू दोनों अपना दाईयां पैर एक पत्थर पर एक दूसरे के ऊपर रखते है कि दोनों का अब एक होकर नया जीवन आरंभ हो रहा है। दोनों के आपसी धर्मयुक्त संबंधों की बुनियाद इसी पत्थर के मानंद सुदृढ रहेंगे, टूटेंगे नहीं, गुरुजी को परमीश्वर जानकर ही उनके सामने दंपति द्वारा यह शपथ ली जाती है।

12–.विदाई -पिटार् (ट्रंक),दही- डोली या विदाई के समय दुल्हन के ट्रंक में थोडा नमक, अन्न जैसे रोटी (च़्वचि), थोडे से सूखे मेवे जैसे मूंगफली, अखरोट बादाम, कुछ मीठा पदार्थ जैसे शीरीनी या नबात तथा खजूर खोबानी अब टाफी, चॉकोलेट आदि रखे जाते है, तथा इसमें अतगत, आलथ जंग जैसे कुछ रुपए, नून, व'र, चावल, छत्रहार, दही, अटहुर तथा कलव'ल्युन, कपडे, खडाऊं या चपल, बर्तन आदि भी साथ में रखे जाते हैं। लडकी को खिडकी से निकाल कर विदाई दी जाती है क्योंकि दान दी हुई कन्या वापस पिता के घर के द्वार में से होकर नहीं आ सकती। क'न्यको'ट या को'न भी साथमें दिया जाता है जो दही के घडे को भी संभालता है। इसके अतिरिक्त दोनों के कुठ ध्रुन (honeymoon) के वासते शुभ मुहूर्त तथा शुभ वार (It is now well accepted fact that good qualities in a child is combination of gene chemistry at the conception time.)हो तो रोठ खबर भी साथ में दी जाती है। माता पिता एक वर्ष तक लडकी का यूग प्रूग करते हैं ताकि संपर्क में रह कर लडकी मानसिक तोर से स्वस्थ रहे। महत्व पूर्ण पर्वों पर लडकी को अवश्य बुलाया जाता है।

नोटः-(रजसुलापन चार दिन, एकादशी और त्रियोदशी मिलाकर कुल छः दिन गर्भदान नहीं करना चाहिए। शेष प्रशस्त दस दिन गर्भादान के लिए उत्तम हैं। उन में भी युग्मरात्री even nights में पुत्र तथा अयुग्म रात्री odd nights में पुत्री गर्भ में आती है। शेष बचे चौदह रात्रियां निष्फल होती हैं। दिन, सायं प्रातः को संभोग नहीं करना चाहिए।) देखें मनोस्मृति श्लोक विवेचन पृष्ठ ११ पर।

13.टे'क्य पूच़- गुरुजी जनेऊ संस्कार के समय य'ज़मनबाय के पूच़ पर सिंदूर से श्री चक्र तथा अरतल पत्ते के आकार लिख लेता था। कार्यक्रम के बाद टे'कि पूच़ सात दिन तक रखने का विधान है। इस को ज़ा'ग्यश्वर कहा जाता है। सातवें दिन महिलाऐं इक्कठे मिलकर तरंग पूच़ का थोडा सा भाग धोते है। उसके बाद ही शेष कपडे धो सकते हैं। आपत काल

तथा देश धर्म के नाते कपडे धोने के विधान में परिवर्तन की संभावना हो सकती है।

14.त्रे'ह लर् ग्वर् सुंज़् त्रे'ह लर् बब् सुंज , शु-लों'र योने प्रोवूथो। अर्थात गुरु कुल में रहकर बालक को क्रिया सिखाने के लिए तीन लडी वाला सूत्र अस्थाई तोर पहनाय जाता था। अपने घर आकर पिता उसको गृहस्थ में रहने के योग्य बनाने के लिए विधिवत जनेऊ संस्कार करते समय अपनी ओर से तीन लडी जनेऊ पहनाते हैं तथा गुरु द्वारा डाली गई अस्थाई लडियां उतारी जाती हैं। किंतु विवाह पर लडकी का पिता लडकी की तीन लडियां दुल्हे को पहनाता है।

15. कश्मीरी पंडित समाज का लक्ष्य-ऋषियों ने किसी भी समाज संगठन के लिए विशेष परस्थिति को ध्यान में रखकर कोई एक मुख्य लक्ष्य निर्धारित किया हुआ होता है। जिस को ध्यान में रखकर समाज या संगठन आगे का कार्यक्रम चलाता है जैसे महाराष्ट्र में गणेश उत्सव समाज के रगों में घुस गया है। या श्री जगन्नाथ भगवान तथा रथ सवारी का महोतस्व उडीसा क्षेत्र के निवासियों के अंतःकरण में घुस गया है। पुरातन ऋषियों ने कश्मीरी ब्राह्मणों में स्थानीय वातावर्ण तथा परस्थितियों के अनुरूप सरस्वती देवी की प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ रखा है। इस सीमा तक कि सरस्वति देवी कश्मीरी पंडितों के रक्त में आत्मसात हो गई लगती है। जिसके बारे में अधिकांश जनता अनभिज्ञ हैं। कितना ही सम्पन्न मनुष्य हो या कितना ही दीन या कंगाल किंतु सरस्वति रूपी विद्या को अवश्य ही प्राप्त करना लक्ष्य रहा है। ऋषियों द्वारा कश्मीरी पंडितों के लिए सरस्वति का लक्ष्य निर्धारण करना ही हमारी वर्तमान दुर्दशा के निवारण में सहायक हुआ है और हो रहा है जो हम स्वयं अपनी आंखों से देख रहे हैं। जबकि हमारे हर विलाप प्रलाप को अवज्ञा के कानों से सुना जाता है। १६८६ कश्मीर में ही हमारे घर तथा धरती छिन गए है तथा इस समय संसार में हमारे बारे में कोई व्यक्ति देश या धर्म परवाह भी नहीं करता है। हमारे लिए रखा हुआ वही लक्ष्य अर्थात सरस्वति हमारे काम आकर हमारी सहायता कर रही है और आगे भी करेगी।

इस लक्ष्य प्राप्ति की साधना के लिए हमारे लिए कुछ नियम रखे गए हैं जो अत्यंत अनिवार्य

तथा आवश्यक हैं वे हैं-

१. **लक्ष्य प्राप्ति के प्रति समर्पण** २. शुद्ध भाव तथा जागरूता से **साधना** करना ३. ईमानदारी तथा **निष्कपटता**। इस शुद्धता की प्राप्ति के लिए ही कश्मीरी पंडितों के लिए शुद्ध संस्कारों को सुदृढ तरीके से अपनाने के लिए जोर दिया गया है। इस लिए संस्कारों का स्थान प्रथम है। जिस से आने वाली पीढी सुदृढ तथा अपने धर्म पर अडिग तथा सुसंपन्न हो। समय समय पर इन संस्कारों को विकृत होने से बचाया गया है। कश्मीरी पंडितों में प्रचलित विवाह या जनेऊ आदि अन्य संस्कारों की पृष्ठ भूमि बहुत ही श्रेष्ठ तथा ऊंची है। जिस में, स्थूल, सूक्षम शरीर तथा अंतःकरण को स्वच्छ तथा शुद्ध बनाने के लिए विधान बनाया गया है ताकि हमारी आगामी पीढी या संतान शुद्ध संस्कार युक्त होकर संसार में आयें तथा आने वाले समय के लिए पवित्र मन तथा अंतःकरण संपन्न होकर चलें।

24 संस्कार-कश्मीरी पंडितों में सम्पन्न होने वाले इन २४ संस्कारों का सक्षेप में व्योरा क्रमबद्ध शंश्खला में दिया जाता है जिन को अपने ही निधारिंत समय पर सम्पन्न करना अनिवार्य है (किसी असाधारण परस्थिति जैसे मश्त्यु या शल्य चिकितसा आदि को छोडकर) समय निकल जाने पर इन का करना न करने जैसा है तथा कुछ भी फलदायक नहीं होता है। अंत्येष्टि को छोड कर शेश २३ संस्कारों का संक्षिप्त व्योरा नीचे दिया गया है (इन में से छः संस्कार महिलाओं से संबंधत हैं)। जैसेः-

1.गर्भादानः-conceptional ceremoneyशुभ समय, वार, तिथि, नक्षत्र को ध्यान में रखकर प्रजलन द्वारा गर्भ स्थापित होने के पश्चात गर्भादान संस्कार होता है। बच्चे की सर्वांगीन विकास की प्रक्रिया माता के पेट से ही आरम्भ होती है। अर्थात यह संस्कार माता के पेट में आने पर ही घरवालों द्वारा सावधानी के तोर पर आरंभ कर दिया जाता है। क्योंकि बच्चे पर वैदिक संस्कारों का प्रभाव माता के गर्भ में आते ही पडना आरंभ होता है। हमारे इतिहास के अनुसार महर्षि बामदेव, श्री हनुमान जी, प्रहलाद भक्त और अष्टावृक आदि ने माता के गर्भ में ही वेद और शास्त्रों की विद्या प्राप्त कर ली थी और जन्मते ही पूर्ण ज्ञानवान हो गए थे। इसी तरह माता सुभद्रा के पेट में ही अभिमन्यु ने शस्त्र विद्या प्राप्त कर ली थी

और वह अपने पिता अर्जुन की गैर हाज़िरी में कौरवों के चक्र व्यूह का भेदन कर दिया था। महर्षि वालमीकी जी ने लव और कुश को युद्ध विद्या शस्त्र प्रयोग, शास्त्रो के रहस्य गर्भ में ही सिखा दिए थे। प्रहलाद भगत जब गर्भ में थे तो ऋषि के आश्रम में रह कर उसकी माता ज्ञान सुनती थी उसी ज्ञान सुनने के कारण प्रहलाद जी राक्षस जाति के होते हुए भी परम भक्त हो गए थे। (श्री नवलकिशोर द्वारा अनुवादित उर्दू भागवत १६३६ लाहोर)।

गर्भवती माता यदि दूर्दशन के कार्यक्रम नियमित ढंग से देख लेती होगी तो इसका प्रभाव बच्चे पर भी अवश्य पडता है और शिशु जन्म लेने के पश्चात ही टी वी की ओर आकृष्ट होता है। श्रेष्ठ सन्तान उत्पन्न करने के लिए पहला संस्कार गर्भादान है।

गर्भादान के तीसरे मास में गुरुजी अग्नि में आहुति देकर वैदिक मंत्र पढ कर गर्भवती पर पानी की छींटें छिडक देते है।

2.सीमांतोन्नयनः-limiting the movement on odd times during pragnency and mental upgradation of featus गर्भादान के चौथे, छटे या आठवें मास में किया जाता है। चौथे महीने में बच्चे की मानसिक शक्तियों की वृद्धि के लिए किया जाता है (हिंदी शब्द कोष तथा रिसाला ओम १६५३ ई)। आठवें महीने में अग्नि में आहुति दी जाती है। नारीवन लपेटे दो समधि को एक दूसरे को काटते हुए तीन बार चेहरे के सामने लाकर गर्भवती शपथ लेती है कि वह प्रौढ महिला की तरह व्यवहार करेगी तथा गर्भावस्था में निषध समय पर घर से बाहर दूर न जाएगी। समधि को लपेटे हुए नारीवन को पहनाया जाता है ताकि किसी भी आगंतुक को इस के गर्भवती होने का आभास हो जाए।

3.पनसुवनः-reduction of pains (आहुति) जब शिशु माता के गर्भ में आता है। तो गर्भ की रक्षा के लिए यह संस्कार किया जाता है। अग्नि में आहुतियां दी जाती है तथा आठवे मास में यह संस्कार लडका होने के लिए भी किया जाता है। महिलाएं जलते चूल्हे में चावल की आहुतियां देती थीं।

4.लठ मोक्लावुन-for better milch सातवे मास में दूध देने का विधान है जिसमें गर्भवती को मायके से दूध दही साथ देते हैं जिसमें वह खडाऊं पहनकर सुसराल के बरामदे

तक आकर खडाऊँ बरामदे पर ही छोड कर घर में प्रवेश करती है।

5.त्रुय- A home made preparation distribured on the 3rd day of parturationप्रसूती के बाद तीसरे दिन दंद गूज तिल, अखरोट चीनी नमक आदि तेल में बुनकर बांटा जाता है। प्रसूती के सात दिन तक हुर के गिर्द लिपाई करके तेल चूना डाला जाता था। तथा हुर्य राजा के लिए पवित्र अन्न कोनों पर डाला जाता था।

6.श्रान स्वंदर- A herbal antiseptic hot water bath of baby and mother on seventh day प्रसूती के सातवें दिन नवजात तथा प्रसूता तथा को औषद्धि युक्त उबले पानी से नहलाया जाता है तथा पहली बार शिशु को नए कपडे पहनाये जाते हैं। तथा उसकी माता को भी साफ तथा शुद्ध कपडे पहनाए जाते है। अब दोनों शुद्ध हो जाते हैं। फिर शोख तू पुनसुन किया जाता है। जिसे स्वंदर कहते हैं। जिसकी विधि इस प्रकार है। कि पडोस की सारी महिलाएं मिलकर इस संस्कार का आयोजन करती हैं। सामने शुद्ध पानी का घडा रखकर शिशु को माता की गोद में बिठाकर घर की वरिष्ठ महिला बोज पत्र की बती बनाकर सामने रखे हुए दीपक की लो से जलाती हैं और आर्शीवाद देते हुए सरके गिर्द तीन बार घुमाकर शोख तू प्वनसुन बोल कर पानी के घडे में डालती हैं। अब उपस्थित दूसरे लोगों के सर पर घुमाती हुई यही प्रक्रिया दुहराई जाती है। अनुपस्थित लोगों के नाम पर भी ऐसा तीन बार किया जाता है। फिर महिलाओं में भोजन वितरण होता है।

7.नामकरणः allot name to baby जन्म पत्री के अनुसार श्रान स्वंदर के रोज़ ही नवजात का नाम रखा जाता है।

8.जातकर्म या काहनेथ्रूरः-purification from previus births and refresh piety of couples' relation बालक का पिछले जन्म की जाति से शुद्धिकरण के लिए एक होम किया जाता है। बालक का पिता बालक को सूंघ कर साक्षी देता है कि शिशु उसी के बीज से है यह संस्कार ग्यारहवें दिन ही किया जाता है। उस दिन इसके लिए किसी महूर्त की आवश्यकता नहीं। काहनेथ्रूर के किए बिना शिशु के माता पिता को संभोग नहीं करना चाहिए क्योंकि 'आत्मनो जायते पुत्रः' अर्थात 'पिता पुत्र के रूप में ही पैदा होता है। इस

लिए पत्नि आंशिक रूप से पति की मां बन जाती है। काहनेथूर संस्कार करने से इस दोष का निवारण होता है। बालक का पिता बच्चे की जीहवा पर सोने की सिलाई से घी और शहद से ओम लिखता है और उसके कान में 'त्वंवेदोसि' कहता है। यदि किसी कारण वश ग्यारहवें दिन जातकर्म नहीं होसके तो शुभ महूर्त में तुरंत इसको संपन्न करना आवश्यक है।

9.सूर्य दर्शन expose the baby to sun to cure some liver and alied disorders 12 वें दिन शिशु को आंगन में बने व्यूग मंडल या रंगोली पर लाया जाकर काजवठ के साथ बिठाया जाता है और सूर्य दर्शन कराने के बाद नानके भेज कर वापस लाया जाता है। कुछ रोज़ थोडी देर के लिए सूर्य दर्शन नवजात के लिए शुभ होता है।

10.मास नेथूर- birthday after one month जब शिशु एक मास का हो जाता है। तो क्षीर बनाई जाती है और जलते चूल्हे में आहुतियां दी जाती हैं।

11.शिशुर safety from evils during winter using lime & iron mixtureछः सात वर्ष की नई दुल्हन (पहले समय में) अथवा गर्भवती महिला के तरंग के ऊपर शिशरगोर अथ्वा शिशर मो'ण्ड सी कर लगाया जाता है। जिसमें तिल, चूना तथा लोहे का चूरे का मिश्रण होता है इस मिलावट को ज़रबाफ कपडे के छोटे टुकडे को तिकोण में सी दिया जाता है। गर्भवती महिला के अतिरिक्त छोटे बच्चों की टोपी या कंधे के सीध में कपडे पर लगाया जाता है। यह शिशुर माघ मास में लगाया जाता है। इस से रोगों से बचाव होकर डर की भावना भी मन से दूर चली जाती है। दावत उडाने का इस संस्कार से कोई सरोकार नहीं है।

13. निष्क्रमण:-First outing of both after birth घर से बाहर निकालने की क्रिया तीसरे मासके बाद की जाती है। इस समय मन्दिरों के दर्शन कराए जाते हैं।

14. दंतदावन. teething दांत निकालना।

15. अनुप्राषण:. First solid eating दांत निकलने के बाद छटे या आठवें मास में शिशु को कुछ अन्न खिलाना ।

16. ज़रकासय-First shaving of head बूड़ाकरण या चूडाकर्ण या मुण्डन। इससे दिमाग की नशुनुमा होती है। यादाश्स्त तेज़ होती है।

17. वोहरवोद. First birthday celeberation पहला जन्म दिन मनाने पर पूजा करवाना, तथा जलते चूल्हे में आहुतियां देना।

18. कर्णभेदन punching the ears तीसरे या पांचवें वर्श में कान छेदना इससे सारी उमर ब्रहमचर्य की रक्षा होती है तथा रीह के दर्द से राहत मिलती है। कानों में सोना डालने से कुछ रोगों का शमन होता है। कान का ऊपर वाला छेद बालिकाओं को **पक्षाघात** से रक्षा करता है।

19. उपनयन या यज्ञोपवीत Thread ceremony

वेदारम्भ to start formal education सातवें वर्ष की आयु में विद्या का आरम्भ कराना ठीक है

20. समावर्तनः reception ceremony at home after graduation अध्ययन समाप्त कर लेने पर गुरुकुल से स्नातक बनकर लौटने पर होने वाला समारोह या संस्कार।

21 विवाह marriage22—गृहस्थ, family life **23**— वानप्रस्थ, unattached to house hold

५० वर्ष की आयु में घर के कार्यों से निवृति।

24. अन्त्येष्टि disposal ritual of dead body:- मृत शरीर का संस्कार।

विशेष 1- बालक तथा बालिकाओं दोनों के लिए विद्यारम्भ का एक ही नियम है।

2. ऋषि लवगाक्ष निर्मित कर्मकाण्ड काश्मीर में प्रचलित है ३. ऋषि अत्रेय का बनाया कर्मकाण्ड पूर्व भाग में, ४. ऋषि पाराश्वर का आर्यवर्त के दक्षिण भाग में, ऋषि गोबिल का बनाया कर्मकाण्ड आर्यवर्त के मध्य तथा उत्तरी भाग में प्रचलित है।

हिन्दू साहित्य दर्शन तथा जीवन पद्धति।

हमारे धर्म को सनातन धर्म कहते हैं अर्थात सदा रहने वाला। यही आर्य धर्म है जिसका अर्थ है सुसंस्कृत मानव धर्म। अब इसी को हिंदु धर्म भी कहा जाता है।

भारतके प्राचीन धार्मिक साहित्य दर्शन में चार वेद अठारह पुराण, छः शास्त्र, चार आश्रम, चार पदार्थ सम्मिलित हैं।४ वेद=(१ऋगवेद-दृष्टाः-अग्निऋषि। २ सामवेद-दृष्टाः-आदित्य

- पुष्करनाथ रैणा

ऋषि। ३ यजुर्वेद- दृष्टाः-रघु ऋषि। ४- अथर्ववेद-दृष्टाः-अंगिरा ऋषि।)

१८ पुराण = (१-ब्राह्मण पुराण। २-पद्म पुराण।३-शिव पुराण। ४-भागवत पुराण ५- नारद पुराण ६-मार्कण्डेय पुराण। ७-अग्नि पुराण।८-भविष्य पुराण।९-ब्राह्मण वैवर्त पुराण। १०-लिंग पुराण ११-वराह पुराण।१२-स्कंद पुराण। १३-वामन पुराण।१४-कुरुम पुराण।१५-गरुड पुराण।१६-मतस्य पुराण।१७-ब्रह्माण्ड पुराण।१८- विष्णु पुराण।)

८,उपनिषदः-१-केन,२-कठ,३-मण्डुक, ४-तैतरीय, ५-हंस, ६-स्कंद, ७-प्रशन, ८- छान्दोग्य।

छः दर्शन शास्त्रः- १-कर्णद का वैशेषिक शास्त्र २-गौतम का न्याय शास्त्र। ३-पतन्जली का योग शास्त्र। ४-कपिल का सान्ख्यशास्त्र। ५-जैमिणी का मीमांसा शास्त्र। ६-वादरायण का वेदांनत शास्त्र शामिल हैं। चार आश्रम-ब्राह्मचर्य, ग्रहस्त, बाण परस्त, सन्यास।

जीवन में चार पदार्थों का लक्ष्य रखा गया है। वे हैं :-धर्म (अपने शास्त्र धर्म पर अडिग रहकर धर्म का पालन करना), अर्थ (धर्म पूर्वक धन कमाना तथा खर्च करना), काम(धन को संसार बसाने, दान आदि के कार्यों में धर्म पूर्वक व्यय करना) और मोक्ष (संसार में रहकर अंत में मोक्ष प्राप्त करने हेतु पहले से प्रयत्न करना)। पशचमी देशों में केवल अर्थ कमाने का ही लक्ष्य है, जो वासनाओं की पूर्ति का ही साधन बन जाता है। जिस को अर्जित करने हेतु उनकी दृष्टि में कोई भी साधन या विधि अपना सकते हैं।

हिंदू जीवन पद्धति (क) **4** वर्ण :(समाज में गुण कर्मे की दृष्टि से) १ ब्राह्मण-शिक्षक २ क्षत्रीय-रक्षक ३ वैश्य- पोशक ४ शुद्र-सेवक (ख)४ आश्रम- १ ब्रहमचर्य विद्याध्ययन २ ग्रहस्त कुटम्भ सेवा ३ वानपरस्थ ४ संयास, मानव सेवा- चित निरोध

(ग) ४ पुरुषार्थ-१ धर्म-उपासना २ अर्थ-द्रव्यार्जन ३ काम-इच्छापूर्ति ४ मोक्ष्य- ईशवर प्राप्ति

(घ) ४ ऋण- १ देवऋण-स्वधर्माचरण २ः ऋषिऋण-ज्ञानार्जन ३ पितृऋण-वंशसा तत्त्व ४ समाजऋण- समाज सेवा(ड) ४ तीर्थ कः अर्थ तीर्थ -व्यापार केन्द्र खः काम तीर्थ -कलाशस्त्र केन्द्र गः धर्मतीर्थ-सांस्कृतिक केन्द्र घः मोक्ष तीर्थ- आध्यात्म केन्द्र। (च) ४ देवता- क, मात्रदेव। खः पितृदेव। गः आचार्यदेव। घः अतिथिदेव

शब्दार्थ

अडक'ल्य- मासूम।

आय त् राय- शुर्य।

अवल्कि कवलो-पहली श्रेणी में पढने वाला कौल या उत्तम कुलीन।

अरतलिव'थूर-पूच़ पर कढाए अरतल पत्ते, अरतल-एक घास जिसके पत्ते स्फेद होते हैं।

अर्कनदाज़, बरकंदाज़, ग्वरंदाज़- अहलकार, ड्योडी वान,फिरंगीनोकर,

आ'रव्यिन लछ़जे-आ'र वोन्न्य,जंगली घास

आशेनय-आ'्सिनय

आ'नक् दानस-दर्पण से सजा चूल्हा

अरन्नि वेरे-उदालक मुनि का महा ज्ञानी पुत्र अर्थात दुल्हे के लिए, अलत-लाल रंग।

अभीद-भिक्षा (तू और मैं) अभेद हैं।

अभिषीख-सिंहासन पर बिठाने के लिए दर्भ से पानी छिडकना।

अ'त्र्ज हूंज़ तोलय-सोने के बहुत सारे ज़ेवर।

अरण्यरो'थ-अरणि-एक प्रकार का त्यागी या संयासी,

रुथ-जनेऊ संस्कार।

अंजूल्य.- अंजलि, द्रछ्।

आ'लति-पैरों में लगाने का अलत, महावर।

आद्यासीमन्त। दुर्गा की उपाधि देकर सुम या चीर निकालना।

आज़ि दर्शुन-घी में अपना मुख देखना।

आ'न्तधार-अनंत धारा। जैसे गंगा की धार।

आ'तन मा'ली-लाडली, खान् मा'ज।

आ'्टि पनः-श्रानपट बान्धने के लिए कमर के गिर्द आठ धागों से बनाधागा।

इशमसंड दस्तय -हांगल ह्यंग।

कनदरे- मकान की ऊपरी मंज़िल के दो खिडकियों के बीच में बाहरी भाग की ओर रखे हुए बारीक कशीदा कारी किये हुए लकडी से बने सजावटी त्रिकोण।

कनिके-कन्या ने।

कार-विज़, कार्य।

करनिके-इंद्र देवता की माता।

कहि किरिमिज-सोज़न का'री

कर्म्क्रूल-कर्म रूपी बेल बूटे।

कस खो'दायस-किस भाग्यवान की मंहदी रात है।

कूंश-ज़री पुलहोर।

कर बुलि खानो-खान् मोल।

कपटुय-कटाई की।

क्रेठ-सखती, क्रेछर।

क्रंड्-तीलियों से बुना-पिटारा ।

ख्यलि वोल-बडे ग्रहस्थ वाला।

खिर्य- चा'न्गिज, चटाई।

ख्रिकिदस्तार-ओं'गुड थो'गुड, गोल मटोल पगडी।

- पुष्करनाथ रैणा

ग'जगाह-वाव करुन?
गुको'श-कनक बूरा।
गुमन ग'लि- आ'रख श्रान गछ्न्न।
गूदान-जौ
गोश पेश (कलपुश)।
चव, चिव-भस्मी तिलक।
च़ाक'ट्य, च़ाकत्य-चक्र, फेरे।
चूंडाकार -मुंडन।
च्राजि-ज़री शू मेकर।
च़्वंज़-नोकरानी।
छ'त्रहार,स्वखदासे-चावलके प्रकार।
जन्थरि-टोकरी।
जिवुन-जामात्र।
जुर -पोता पोती।
ज़ूनि-नाम।
जामय गेरन-चूर्यदार पलव।
ज़ूरि-स्टैंड।
ज़यवोनुय -ज़्यवुवुन्य, प्राच़न द्रद ला'रिथ, छोटा।।
ज़ायोनुय-डालुन, हटावुन।
जो'न्नलन -पाज़ेब
त'रकि- कानों की मोटी बालियां।
तापदानस-
द'य- आदरनीय।
द'छिन- दक्षणा।
दायक-लाभप्रद।
दाग्-जगह का नाम।

दुर्दल-स्यफ।
पूस्तीन-फर
दर्भि डेंटोन-कमरमें बांधने की कुषा रस्सी
दूरनशाह-प्रसिद्ध धनवान राजा।
द्रुब् वायोनयु-ढोल बजाना।
द'र्य-कतार।
दानय दा'जी-बढ चढ कर
दान देने वाली।
दिव रा'यिस-पति।
दिवरा'यिस-प्रकाशमान सरदार या राजा, सूर्य समान पति।
दिवच़ि-देवियों ने।
दुलरी पोश-दो लडी वाले फूल।
दोरेदोर-तुरंत।
दिदर्य होक्-पाईप या सिग्रेट
नीरे-नज़दीक
नर्मद् पो'ट-मशगछाला।
नज़ि-नहीं
नकाश बा'ज़ी- नक्शे बनाकर।
नसतुवाजे-नाक में पहने का दायरा।
नरमद पो'ट- स्रूसि मूसल्
न्यछि-नख, कंधा।
नागूर्य पन-पान का पत्ता।
निर्नूदन-बारह प्रकार लक्षमी युक्त होकर भी अलक्षमी होना, लक्षमी का स्वार्थ छोड कर अध्यात्मिक उत्थान, समाजोपकार हेतु व्यय। करना,

लक्षमी युक्त होकर लक्षमी से संयास।

टोख टोख- हो हो।

टा'न्पट कुल-फलकुल,अवलाद युस ज़िंदन ख्यावि तू मरिथ चावि।

डेंटोनुय-कमर में बांधने वाली कुशा की रसी।

डबकू-सुंदर डिब्बे जैसा।

टा'क्य-मिट्टी का पर्व।

डों'ड-कमरबंद।

डेरबल- गरू या घर।

पोरुत-तखती।

दिदूर्य होकय-सिग्रेट

प'ल्युन दस्तार- तिलू पलूदार।

पुत्य, पुत्य -पुत्र।

प'त्य आसमानय-पितर लोग आकाश में।

पा'थूर- अंग, रिवायत, प्रदर्शन

पिली टोक-बुगनी।

पतिमे सरने-पिछला कर्म।

पुनसुवन-जलते हुए आग के चूल्हे में आहुति देकर शोक का निवारण करना।

प'ल्युन-पलूदार।

परवाना-लिस्ट बनाकर सामान भेजना।

पंच गव्य -गुहि, ग्यवू द्वधू ग्रुमति नाबद का मिश्रण।

पा'नी-स्वयं।

पतनूय-४५जोडना-

पोशि क्षुर- फूलों की टोकरी।

प्रास-नकदी

पिल्यटोक-बुगनी

प्रासक्यन द्यारन-क्वछि ह्यवून्य।

ब'डब्यन्य-पुफी,

बडा-बढा- कल, विचार।

बुर्ज़न-एक अमीर ज़ात।

बेठानू व'तिये-बेठालस प्यठ बिहिथ मशवरू दिनू वाजन्य।

बं'दिथ-यकजा।

बोराकि वादा-?४७

बोलतू-हवसू या चाव के साथ।

बोलाकिग्राक-महाराज़ू नथ या नो'कूड।

बोलाकि-नथ।

स्वनू बूत का'री-कढाई करना।

बालि-सुंदर सखी।

बुसरख- खस्ता घी के कुलचे।

बुदाह सादून-विद्या साधन।

ब्रग द'र्य-ब्रगों (एक पंछी) की कतार।

बोधय -सीधा साधा।

बोलत-हावसू।

मारकन- लूकन या आमस मंज़।

मरेद - चूना।

मचि-म'ट-मिट्टी का ऊंचा पक्का बर्तन या वूंचि।

- *पुष्करनाथ रैणा*

मुचा- बेगजोश- संतान।
मुरि-हलमस, क्वछि।
मर्म- बाजू या हाथ।
मृगाज़ल-मृगछाला।
मर्म-बाजू या हाथ।
मिहीन्-पा'लिश।
म्वंगरहकाय-म्वंग् खार।
म्वखतुक पोशो- मुक्ता से बने फूल।
मद्मति-मामी।
मालि-तिकूनी थज़र,बालस,ग्रटस त् येर
व्यछ़नावन्चि कंगनि येर् माल, माल।
मालि, सीरि- येर् कंगनि। (कंघी)
मानरयनि-गंभीर, मान रखने वाली।
प्यठ व्यछ़ना'वमूच़ तोस् माल त् तथ
बनेमूच़ फंब सीर,(पोनी)।
मोन्यन गछ (चीन्यन, ल'बन)।
रा'शी गगनूचि - क्रांति वृत्ति में पडने
वाले तारों के बारह समूह जैसे मेश,
वेश्श, कन्य आदि।
रोशनाम बट्-प्रसिद्ध
रुपूल् कां'कून्य-चांदी का कंगन।
लादन-attachment लालूच।
लते-ल'तिये।
लोट् रा'निम-बडी रानी।
लोशवुय- लेखनोवुय(लिखाया)
लशेनम -ल'सिन।

ल्यलबान-संतान।
लूयिनूय गाश- पुत्र पैदा होना।
वर् दाये-वर देना।
वखनय- बोलना ।
वान्यन्य-पवित्र।
वनि कुल-खुले मैदान में उगा पेड-सुंदर।
वय मुच़-म्वछि फो'ल।
वुद(पुं)- विज़(स्त्री)।
यंबूरज़लि कोज़ो-नरगिस फूलों
का गुच्छा।
लव्- छींटें देना।
यज्ञनूकि बीज़य-बीजमंत्र।
रोब खान्-रवक, सजा हुआ लंबा
चौडा कमरा।
र'न्य-पत्नि।
वुलग-उत्तम प्रकार का चावल।
वुद्यूतुय-उद्योत(सं)-उज्जवल, चमकदार।
व्यशनारि-पत्नि।
वा'न्कलि-लंबी चोटी वाली।
वासूस'सि-हमदर्द।
वान्यन्य-असलज़ात,शर्मदार।
वा'ल्य- मर्दों के कानोंके लिए मोटे दायरे।
व्यपहार-उपहार।
विलि-उपयुक्त समय पर।
वस- नक्शदार तालव
व्यद- विधि।

शिशर मो'ण्ड-तिल, चूना तथा लोहचूर्ण से भरा चांदी या ज़रबाफ का बनात्रिकोणी कोश।

शुमल् -पश्मीना, तोसा।

शेर -बुथ, चेहरा।

शैयि- आशावान।

शुमल् दस्तार-पश्मीन

शुफतस-मांस या कद्दू का कोफतह।

संग शावरिये-रा'नी।

सेरे (सेले)रसय-अवशधिमिला पानी।

सस् क'ण्डि- मूंग से भरे क्वंड या बर्तन

सोव-शुभ, सावेतोन-शुभ, फूस

सोगुन-स्वकृत का।

सद्दूर होम (संस्कृत)- साधु की जटा, कलगी, चोटी तथा प्रातःछींटें लगाना सिखाना।

सुरथ-लाल रंग।

सोज़ा'नी-सोज़नकारी वाला जालीदार परदा।

सीर-फंबसीर।

स'सतिस-आसनवोल।

सूंत्य -वसंत।

स्वठक- बिलोर।

स्वन-गोमूत्र।

स्वन् बुतका'री- सोने के धागे से कढाई।

ह्यो'तये-सहानुभूति-अनुकूल।

हंग् व'चि -(दरवाज़े के हंग का कोण जैसे कछ् वचि, सर का दाहिना तथा बाहिना तरफ)।

हा'बिलि-द्रमुन।

ह्नूरय-बिंदरि, चूनि।

हा'न्कयटाठ्यो-बहुतप्यारा

होगे-होग-क्रख,मशहूरी

होकय-शोकसान

त'रकि-पुरुष के कान की बाली।

नागर्य पन- पान के पत्ते,बीडा।

सट्ट-दरवाज़े की चौखट पर।

त्रो'ट- माला

त्राग-दो चहाडोंकी मैदानी जगी

- पुष्करनाथ रैणा

Henzey comentary

'Henzey Vanvun' is a uniform type of song exclusively sung by Kashmiri Pandit women in kashmiri language at the time of yajnia performed specially at the time of Sanskars (rites) like Thread ceremony ' yagiopaveet and marriage etc while sitting nearer to the yagnia mandap. Women folk likes to sing it whether they understand its meanings or not. For general public only buzzing and humming note is heard without understanding an iota of it.

I learnt it and was astonished to find its depth, gravity and integrity which represented the true but strong KP culture which has been preserved by our simple but saintly women folk facing all odds put forth by alien cultures. Or we can say it as index of KP culture, the very existence of which is in shambles now. Briefly it contains, in a full sequential order, all rites to be performed by KP families. So it was pertinent to preserve and inform the true picture of 'Henzey Vanvun' to my society in general and culture preservators ie KPwomen folk in particular. A book 'Henzey Vanvun' Heemal was published in 2007 and contains all these explanations.

Here is given a brief sketch of 'Henzey Vanvun' with some meaning of the abandoned technical words also.

1. Meaning-The word 'Henzey' is not found in Sanskrit dictionary however, in 'Amar kosh' the word has been given a meaning as a 'call for a higher person' Hunday, henzey, Halavanay and Neechan etc (a collective vedic meteric call)Abhigianshukantulam act I page 19. by M.R. Kale Ist Edition 1898.p.19- A particle of address for a friend (of high rank; see com.) also हण्डे, हेंज़े, हलावाहे,, नीचां, चेटीं, सखीं प्रति A.Kosh (अमर कोष)।

In 'Henzey Vanvun Heemal' page 103 first edition, there is a verse which says,

"Parvati came to us by calling her"
"Nad din siten aayi Parvatiyae Naran heotyae ashanai'
नाद दिन्‌ सूते'न आयि पारवतिये, नाराण ह्यो'तये आ'शेनय।'

so 'Henzey' means address to Parvati for coming to the spot of yagnia where 'Henzey Vanvun' is sung. It is, essential to get blessings of Mother Shakti.

2. Henzey is sung by an expert lady who must have learnt it from a teacher –Guru- she recites a verse quickly and the followers sing it jointly in a set rhythm. Every verse starts with the pious word, 'Henzey'. It takes 40 to forty five seconds to recite each verse at least 5 seconds for each word. It looks that set vibrations thus created must be of some importance for the environment at the sight.

3. Each verse shows step by step directions in sequential order in performing a yagnia in kashmiri language, for example at the fake end of yaginiopavit

havan, the verses are sung thus:- After Athifol is offered A beautiful well decorated 'vyoug' is written for you(the mekhal maharaza), Your mama ji will lift you in his lap or on a horse, to take you to yarbal (near water) with(a) janeev(thread) in your right arm and (b) jap mala(beads) in the left hand and (c) 'sadfutji' (a pack of corn etc. hanging from your shoulders (d) to practice recite (e)OM (f) pranayam or breathing practice, (g) learn bathing technique(the concerned guruji has to accompany him to demonstrate the practices), (h) to get the holy water from the kalsh sprinkled on you after returning from water, (i) stand before high flame of havan kund to get illuminated, (j) show yourself (darshan) to all who are present there, (k) get one almond as Prasad-(now a days walnut, it shows the premitiveness of the Henzey when walnuts were not in use or available in Kashmir except in forests) and in the end offer flowers to yaginia-(Khshima posh). Page 100 of 'Henzey Vanvun Heemal'-2007 edition. The whole 'Henzey Vanvun' containes such practices throughout.

4. The verses are, basic techniques of performances of sanskars with extensions called 'vakhny' means repetition replacement of nouns with person performing the particular sanskar . Who performs the Yaginia is generally addressed to (i) Dashratha, king Janak , king Vasudev etc. then after the actual performer is named in Henzey. (ii) The son or daughter who's is addressed as Krishna Rama and parvati, (iii) Pufi is addressed as Subhadra,who is all in all in the fuction.(iv) The spouse is called as Devki. To cite an example (ibbid). Invitation function-(dapun) they sing the following verse:-

'You mother Devki you have set for inviting relatives on a royal chariot'. Extention or vakhny:- the name of spouse of the performer and later on other nearest relative ladies is recited:- say 'Radha mali you have set for inviting relatives in a royal chariot' and so on. Likewise the names of the concerned participants are taken one after the other.

5. Warnings regarding punctuality of the programs ie. Timing of thread ceremony, laying mandals, lagan time. In no case the fixed timing should get altered which causes harm to the family.

6. It has a uniform character throughout Kashmir valley.

7. It has a special type of vyug, exclusively meant for the bride and groom, a form of Shiva and Parvati, having sixteen houses represented by 16 lotus petals with three different colors (i) outer petals in red (ii) central portion green filled with Mehandi and (iii) white lime powder in the centre as shown in the book 'Henzey Vanvun Heemal'. 8. some key words the meaning of which has been derived as Nirnudhan means dhan laxmi exeption, satdhar meaning sprinkle water on the main door of the house with mantra- ओम सिद्ध लक्ष्मी नमः, महा लक्ष्मी नमः। and evening deep with mantra (ओम शंभु भवति कल्यानम् आरोग्यं सुख संपदम। मम ज्योति प्रकाशाय दूप ज्योति नमस्तुते।।) , Artal means a grass with white beautiful leaves and so many other words.

9. 'Henzey Vanvun' needs a thorough study to understand its value.

10. The present book Heemal 'Henzey Vanvun' is presentation of a novel and maiden form which was never even referred to, not to speak of commenting on it. It is store house of KPs culture events of different times.

11. 'Henzey Vanvun' has a place for KPs' social and economic ups and downs in different historical periods.

12. It finds place for the social reformers and guides appeared in the hour of need like Chamba Nath and Hargopal. When the rival culturists boycotted the supply of cheese and vegetables at the time of marriages, the public obeyed the dictat in full spirit and served the baraties with dal(pulses) and khulfa(nunar) vegetable.

13. It contains all rituals as Zung, with noon, ver, mohra prass, change the name of bride, Aalat, tilak, narivan, sundiya- chong, teki pootch, dejhur as symbol of shree chakra, and verses in the praize of Brahmins and Pandits.

14. It possesses hidden informations like date of birth of ShriKrishna, the names of flowers in different seasons of Kashmir and their practical use.

15 .'Henzey Vanvun' is gravid with well defined terminology of sanskars to be performed well in time and with special care to the healthy development of the fetus soon it gets conceived. A well defined sequence from Garbhadan, Kahnether to marriage of the new comer to this world is maintained in the very beautiful verses,(see Heemal .'Henzey Vanvun' on page 77 of 2007 edition) which male folk of KPs have never taken care of. The treasure is now in the hands of educated folk who hold the responsibility to preserve and nourish it for themselves and the future generations. It is also their duty to unfold the hidden meaning of many Henzey verses which I should call as Sutras. Many words have been unveiled for the first time in the book mentioned above.

The home address of all kashmiri pandits is hidden in Henzey vanvun. This Henzey needs to be read with sympathy attention and honesty and then to come forward with stern will to propagate and get it implemented in the real sense at the time of Mehkla and marriage sanaskars, that will be a noble contribution to (now ignorant but craving society) then we can find our **home address.**

WE HAVE EITHER TO FOLLOW THE TRADITIONS OR REJECT THEM, NO MIDDLE PATH.

Bori Jammu (Tawi) 11-09-09

Thank you.

P.N.Raina,lariyar Tral,
96-7B, Manorama Vihar Patta
Bori, Jammu Tawi 180002

कन्यादान

अथवास



पोशपूज़ा

दयबत

श्रीचक्र







डे´जहो´र

डे´जहो´र



वयूग ▶

सर्वाशापरिपूरक चक्र

लेखकः
पुष्करनाथ रैणा

मिलने का पताः
97-7B मनोरमा बिहार
बोड़ी, जम्मू - 180002
दूरभाषः 2502888
Mob. : 9469173422

Jandiyal printing press = 2553140